




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 16 अंक - 151 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 16 मार्च 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### सरकारी नौकरी का सुनहरा अवसर, आबकारी आरक्षक के 200 पदों पर होगी भर्ती

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जल्द ही आबकारी आरक्षकों के 200 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। लंबे समय से इस भर्ती का इंतजार किया जा रहा था, जिसे अब पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (CG Vyapam) द्वारा इन पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। आबकारी विभाग ने व्यापम को रिक्त पदों की सूची और आरक्षण वर्गवार विवरण भेज दिया है। जल्द ही परीक्षा तिथि और आवेदन प्रक्रिया की घोषणा की जाएगी।

सरकार द्वारा विभिन्न आरक्षित श्रेणियों के लिए सीटों का आवंटन किया गया है। इससे सभी वर्गों के उम्मीदवारों को समान अवसर मिलेगा। प्रदेश में आबकारी आरक्षक के पदों पर भर्ती की मांग काफी समय से की जा रही थी। बेरोजगार युवाओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर होगा।

आबकारी आरक्षक भर्ती 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। व्यापम द्वारा आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के बाद आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा का आयोजन छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (CG Vyapam) करेगा। इस भर्ती में विभिन्न आरक्षित श्रेणियों के लिए सीटों का आवंटन किया गया है। वर्गवार विवरण व्यापम की अधिसूचना में मिलेगा। उम्मीदवारों को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा और अन्य आवश्यक मानकों को पूरा करना होगा। विस्तृत जानकारी आधिकारिक अधिसूचना में दी जाएगी। आबकारी आरक्षक पद के लिए वेतनमान सरकारी नियमों के अनुसार निर्धारित किया जाता है, जो कि अधिसूचना में स्पष्ट किया जाएगा।

### कोरबा के एचटीपीसी के स्विच यार्ड में लगी भीषण आग, दो इकाइयों में बिजली उत्पादप ठप

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कोरबा स्थित हसदेव ताप विद्युत गृह के स्विच यार्ड में भीषण आग लग गई। आगजनी की घटना के कारण दो इकाई में उत्पादन ठप हो गया है। इससे बिजली कंपनी को करोड़ों का नुकसान पहुंचा है।



आगजनी की घटना के कारण एचटीपीएस की तीन यूनिट में तकनीकी खराबी आई है। 3, 4 एवं 5 नम्बर इकाई उत्पादन से बाहर हो गई है। इससे 920 मेगावाट बिजली का उत्पादन नहीं हो पा रहा है। आगजनी के कारण विद्युत संयंत्र के भीतर लगा एक ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गया है। इसी ट्रांसफार्मर के जरिए यूनिट में बनने वाली बिजली को ग्रिड में भेजा जाता था। स्विच यार्ड के इंटरकनेक्टिंग ट्रांसफार्मर में आग लगी और देखते ही देखते तेजी के साथ फैल गई। इसके चलते 3, 4 और 5 नम्बर इकाई में बिजली उत्पादन ठप हो गया है।

## 24 मार्च को रायपुर आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# विधानसभा के खास कार्यक्रम में होंगी शामिल

## चीफ सेक्रेट्री ने ली बैठक, अफसरों को दिए आवश्यक निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का राजधानी रायपुर आगमन हो रहा है। एक सप्ताह बाद 24 मार्च को राष्ट्रपति मुर्मू रायपुर पहुंचेगी। वे वायु सेना के विशेष विमान से रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर लैंड करेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों की बैठक लेकर राष्ट्रपति मुर्मू के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। छत्तीसगढ़ दौरे पर राष्ट्रपति मुर्मू विधानसभा में होने जा रहे खास कार्यक्रम में शामिल होंगी। उक्त कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश की स्थापना के रजत जयंती वर्ष को ध्यान में रखकर किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन में हाई प्रोफाइल बैठक ली। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में मुख्य सचिव ने सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अफसरों को राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे के दौरान किसी भी तरह की चूक से अलर्ट रहने को कहा है। यह दौरा प्रदेश के लिए काफी अहम माना जा रहा है।



### राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी विधायकों से चर्चा

छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू प्रदेश के विधायकों से चर्चा करेंगी। इसके साथ ही वे सदन को भी संबोधित करेंगी। बताया जा रहा है कि इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू विधायकों की जिम्मेदारी, लोकतंत्र में विधानसभा की भूमिका, छत्तीसगढ़ की प्रगति और राज्य के विकास को लेकर अपने विचार साझा करेंगी। इस कार्यक्रम में विधायकों को सदन में काम करने को लेकर राष्ट्रपति अपनी ओर से टिप्स भी देंगी।

### विशेष विमान से पहुंचेंगी रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भारतीय वायुसेना का विशेष विमान रायपुर लेकर आएगा। वायु सेना के जिस विमान से राष्ट्रपति पहुंचेगी वह भी खास होगा। इस प्लेन को कोई सामान्य पायलट नहीं बल्कि एयरफोर्स के सीनियर पायलट उड़ाते हैं। दिखने में आम विमान की तरह नजर आने वाला प्लेन अंदर से कई तरह की हाई-टेक कम्युनिकेशन सिस्टम से लैस होता है। इस प्लेन का एक हिस्सा राष्ट्रपति के दफ्तर की सुविधाओं से सेटअप होता है। रायपुर एयरपोर्ट पर यह विमान 24 मार्च को लैंड होगा।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी है दौरा



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे के बाद प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी दौरा प्रस्तावित है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रपति के दौरे के 6 दिन बाद छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर भी अफ्सर तैयारी में लगे हुए हैं। लगातार विभागीय अधिकारियों की बैठकें हो रही हैं। यह पहला मौका नहीं है कि जब राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ में विधायकों को संबोधित करेंगी। इससे पहले भी राष्ट्रपति रहते स्व. डॉ अबुल कलाम व प्रतिभा पाटिल रायपुर पहुंचकर प्रदेश की विधानसभा में विधायकों को संबोधित कर चुकीं हैं। द्रौपदी मुर्मू, देश की तीसरी राष्ट्रपति होंगी जो सदन के भीतर संबोधित करेंगी।

# धरती के लिए रवाना होंगे सुनीता विलियम्स और विल्मोर, स्पेस स्टेशन पर पहुंचा क्रु-10 मिशन

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** नासा और स्पेसएक्स का क्रु-10 मिशन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गया है। फैल्कन 9 रॉकेट में गए इस मिशन के चारों सदस्य अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गए हैं। डॉकिंग और हैच खुलने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों ने क्रु-9 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों से मुलाकात की। वहीं नासा के मुताबिक बुधवार को नौ महीने से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर धरती के लिए रवाना होंगे।

नासा और स्पेसएक्स का क्रु-10 मिशन शनिवार को फैल्कन 9 रॉकेट के जरिये अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुआ था। इस मिशन में एन मैक्लेन, निकोल आयर्स, जापानी अंतरिक्ष यात्री तकुया ओनिशी और रूसी अंतरिक्ष यात्री किरिल पेस्कोव गए हैं। बताया जाता है कि क्रु-10 मिशन अंतरराष्ट्रीय स्टेशन पर पहुंच गया है। सफल डॉकिंग और हैच खुलने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों ने स्टेशन में प्रवेश किया।



### सुनीता विलियम्स को किस मिशन पर भेजा गया था?

5 जून 2024 को नासा का बोइंग क्रु फ्लाइट टेस्ट मिशन लॉन्च किया गया था। इस मिशन के तहत नासा ने अपने दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी बुच विल्मोर को आठ दिन की यात्रा पर भेजा। दोनों को स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के जरिए मिशन पर भेजा गया था। यह अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान की पहली उड़ान थी। जिस मिशन पर सुनीता और बैरी हैं वो नासा के व्यावसायिक क्रु कार्यक्रम का हिस्सा है। दरअसल, नासा का लक्ष्य है कि वह अमेरिका के निजी उद्योग के साथ साझेदारी में अमेरिका से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक सुरक्षित, विश्वसनीय और कम लागत के मानव मिशन भेजे। इसी उद्देश्य से यह टेस्ट मिशन लॉन्च किया गया था।

## डब्ल्यूपीएल 2025 : दूसरी बार चैंपियन बनी मुंबई इंडियन्स, विजेता बेटियों को नीता अंबानी ने लगाया गले



**मुंबई (एजेंसी)।** नेट सिवर ब्रंट के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में दूसरी बार हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम दूसरी बार फाइनल जीतकर विजेता बनी है। इससे पहले मुंबई ने महिला प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में भी दिल्ली को हराकर खिताब जीता था। इस जीत के बाद मुंबई इंडियंस की मालकिन नीता अंबानी ने कप्तान हरमनप्रीत कौर और नेट सिवर ब्रंट की तारीफ की। नीता अंबानी ने कहा कि हरमनप्रीत कौर और नेट सिवर ब्रंट ने जिस तरह का खेल खिताबी मुकाबले में दिखाया, वह सराहनीय है।

टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण का खिताबी मुकाबला शनिवार को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 149 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर सिर्फ 141 रन ही बना सकी। इस तरह मुंबई ने दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया। 150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को उसके बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। टीम ने महज 44 के स्कोर पर चार विकेट गंवाए। कप्तान मेग लैनिंग 13 और शेफाली वर्मा सिर्फ चार रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद जेस जोनासन को अमेलिया कर ने यास्तिका भाटिया के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ 13 रन बना सकीं। दिल्ली के लिए मारिजन कप ने सर्वाधिक 40 रनों की पारी खेली। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने 30 रन बनाए। मुंबई के लिए नेट सिवर ब्रंट ने तीन जबकि अमेलिया कर ने दो विकेट लिए। वहीं, शबनम इस्माइल, हीली मैथ्यूज और साइका इशाक को एक-एक सफलता मिली।

### सिवर ब्रंट और कप्तान कौर ने संभाला मोर्चा

मुंबई के बल्लेबाजों का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा था। नेट सिवर ब्रंट और हरमनप्रीत कौर के अलावा उनका कोई बल्लेबाज दिल्ली की घातक गेंदबाजों के खिलाफ नहीं टिक सका। टीम ने 14 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। मारिजन कप ने हीली मैथ्यूज (3) और यास्तिका भाटिया (8) को अपना शिकार बनाया। इसके बाद ब्रंट और कप्तान कौर ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 62 गेंदों में 89 रनों की साझेदारी हुई। श्री चरणी ने इंग्लैंड की ऑलराउंडर को मिन्नू मणि के हाथों कैच कराया। वह 30 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, भारतीय बल्लेबाज ने 44 गेंदों में 66 रन बनाए। दिल्ली के लिए मारिजन कप, जेस जोनासन और श्री चरणी को दो-दो विकेट मिले जबकि एनाबेल सदरलैंड को एक सफलता मिली।

# गुलाटियां खाती कार पेट्रोल पंप के बोर्ड से टकराई, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष की बेटी की मौत, तीन घायल





श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र में होली के दिन बड़ा हादसा हो गया। हादसे का सीसी टीवी फुटेज सामने आया है जिसमें एक्सीडेंट की भयावहता देखी जा सकती है। हादसे में भिलाई भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक की बेटी ऋचा कौशिक (22) गंभीर रूप से घायल हो गई। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल ऋचा का रायपुर स्थित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था जहां शनिवार रात 2 बजे उसने अंतिम सांस ली। वहीं कार में सवार तीन अन्य युवकों को दुर्ग के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र का है। सीएम साय ने भी घटना पर दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि भिलाई भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती स्वीटी कौशिक जी की सुपुत्री ऋचा कौशिक के निधन की खबर अत्यंत दु:खद है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

मिली जानकारी के अनुसार घटना 14 मार्च को दोपहर बाद 3 से 4 बजे के बीच की बताई जा रही है। भिलाई भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक की बेटी ऋचा कौशिक होली के दिन अपने तीन पुरुष मित्रों के साथ के खाना खाने अंजोरा की ओ गई थी। खाना खाने के बाद स्कोडा कार क्रमांक सीजी 07 सीपी 7214 से घर लौट रहे थे। कार की रफ्तार काफी तेज थी और रास्ते में संतुलन बिगड़ा और सड़क पर फिसलते हुए पांच से 6 गुलाटियां खाते हुए पेट्रोल पंप के बोर्ड से टकराई।

हादसा इतना जोरदार था कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद आसपास भीड़ जमा हो गई और कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया। कार सवार सभी को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हादसे में ऋचा कौशिक की हालत काफी गंभीर हो गई। उसे रायपुर के रामकृष्णा केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिर पर आई गंभीर चोट की वजह से उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। इलाज के दौरान ही ऋचा का ब्रेन काम करना बंद कर दिया। काफी प्रयास के बाद भी ऋचा को बचाया नहीं जा सका।

वहीं कार सवार ऋचा कौशिक के 3 दोस्तों को भी दुर्ग के आरोग्यम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। तीनों के सिर और हाथ पैर में गंभीर चोट आई है। हादसे में क्राइम एएसआई गुप्तेश्वर यादव के बेटे मयंक यादव निवासी कोहका, आयुष यादव पिता परमेश्वर यादव (25 साल) निवासी औद्योगिक क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड और हर्ष यादव (24 साल) निवासी कोहका भिलाई घायल हुए हैं। कार तेज रफ्तार में थी। वह अंजोरा ढाबा के पास पहुंचे थे, तभी अचानक कार से संतुलन बिगड़ गया। कार डिवाइडर से टकराकर हवा में उछली। इस दौरान कई बार पलटते हुए सड़क किनारे गिरी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी ने शराब पी रखी थी और सभी नशे की हालत में थे। हादसे की वजह संभवत: इसे ही बताया जा रहा है।

# थोड़ी सी पारदर्शिता यहां भी हो जाए

श्रीकंचनपथ




कर्नाटक गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तार कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव ने राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों पर मारपीट करने और भूखा रखने का आरोप लगाया है। रान्या ने डीआरआई के अतिरिक्त महानिदेशक को पत्र लिखकर खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उसे झूठे मामले में फंसाया गया है। रान्या ने लिखा कि डीआरआई के अफसरों ने उन पर खाली पेजों पर दस्तखत करने का दबाव बनाया। उसे भूखा रखा गया, 10-15 बार थप्पड़ भी मारे गए। इसके बाद 50-60 टाइप किए गए पेज और 40 खाली पेजों पर साइन कराया गया। रान्या को 3 मार्च को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 14 किलो सोने केसाथ डीआरआई ने गिरफ्तार किया था। वह दुबई से लौट रही थी। पहले रान्या ने कहा था कि दुबई एयरपोर्ट पर एक शख्स ने उसे गोल्ड बिस्किट के दो पैकेट दिये थे। इन पैकेट्स को उसने क्रेप बैंडेज की मदद से अपनी जांघ के भीतर की ओर चिपका लिया था। क्रैप बैंडेज उसने एयरपोर्ट पर ही खरीदे थे। यह तरीका भी उसने यूट्यूब से सीखा था। पर बाद में रान्या अपने बयान से पलट गईं। उसने कहा कि कुछ अन्य सहयात्रियों को बचाने के लिए डीआरआई अधिकारियों ने उसपर फर्जी केस बनाया और दबाव डालकर बलपूर्वक उसके बयान हासिल किये। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई ने भी मामला दर्ज किया है। तीनों ही एजेंसियां अब उसके खिलाफजांच कर रही हैं। यह कोई पहली बार नहीं है जब इन जांच एजेंसियों पर दबाव बनाने, प्रताड़ित करने और मामले को घुमाने के आरोप लगे हैं। जब मामला सीधे-सीधे स्मगलिंग का था और रान्या को सोने के साथ पकड़ा गया था तो फिर इस मामले में इतना झोल क्यों है कि वह अब सोना स्मगल करने से साफ-साफ इंकार कर पा रही है? यह तो अंग्रेजों की सरकार वाली बात हो गई। जो सरकार को सही लगा, वही कानून हो गया। दरअसल, ये जांच एजेंसियां अपनी करतूतों की वजह से ही बदनाम हुई हैं। जब भी कोई ऐसा मामला सामने आता है वह उसे ज्यादा से ज्यादा लोगों से जोड़ने की कोशिश करती है। इससे उसे लाइम लाइट जरूर मिल जाता है पर मामले की बखिया उधड़ जाती है। उसमें जितनी कहानियां जोड़ी जाती हैं उतने ही पेंच भी पैदा हो जाते हैं। बाद में सालों-साल केस की सुनवाई होती है और फिर आरोपी बरी हो जाता है। इन एजेंसियों के कन्विक्शन रेट को देखेंगे तो इसका सबूत भी मिल जाएगा। क्यों नहीं ये एजेंसियां अपनी जांच में पारदर्शिता ला पाती हैं? क्यों नहीं सबूतों और गवाहों को ये किसी भी शंका से परे रख पाती हैं? क्या हर मामले को राजनीतिक एंगल देना जरूरी है? ज्यादा से ज्यादा लोगों को लपेटने की कोशिश में अकसर केस ही कमजोर हो जाता है। इससे राजनीतिक हित तो सध जाता है पर इन एजेंसियों को दी गई असीमित शक्तियां बेमानी हो जाती हैं।




संपादकीय

# सीडी कांड की फिक्र अभी बाकी है

कई बार आदमी पुरानी समस्या खत्म हो जाती है तो बड़ा खुश होता है कि चलो बरसों पुरानी समस्या तो समाप्त हुई। अदालत ने उसे बरी कर दिया है। अदालत से कोई बरी हो जाए तो यह बहुत बड़ी बात होती है, बड़ी बात होती है तो बड़ी खुशी भी होती है कि उनको साबित नहीं करना पड़ा कि फ्लाने मामले में उनका कोई हाथ नहीं था। फ्लाने मामले में तो उन्हें अदालत ने साफबरी कर दिया है कि इस मामले में इनकी कोई भूमिका ही नहीं थी। इनके खिलाफ जो केस किया गया था वह झूठा है।सीबीआई तो सीबीआई है,उसके अपने अधिकार होते हैं, अधिकार होता है तो उसका उपयोग भी किया जाता है और वह कहती है कि परेशानी अभी खत्म नहीं हुई है, सीडी कांड की फिक्र अभी बाकी है।

> छत्तीसगढ़ के सीडीकांड के मामले में सीबीआई ने कोर्ट में रिवीजन याचिका लगाई है।अदालत इस पर सुनवाई कर स्थिति स्पष्ट करेगी।इसमें सीबीआई स्पेशल कोर्ट के दिए फैसले के खिलाफअपना पक्ष रखेगी। माना जा रहा है कि सीबीआई इसमें सरकारी गवाह बने एक मीडिया हाउस का बयान अदालत के सामने रखने वाली है।मीडिया हाउस ने बयान दिया है कि तत्कालीन पीसीसी चीफ भूपेश बघेल ने अपने सरकारी आवास पर 27 अक्टूबर को कांफ्रेंस की थी और इसी दौरान कथित रूप से सीडी बांटी गई थी।इसी सीडी की क्लीपिंग को चैनल में चलाया गया था।

चैनल के दफ्तर से पुलिस ने यह सीडी जब्त की थी।माना जा रहा है कि सीबीआई सुनवाई के दौरान यह तथ्य रख सकती है कि इस साजिश में भूपेश बघेल शामिल थे। प्लानिंग के तहत घटना के पहले कारोबारी विजय भाटिया से मिलने दिल्ली गए।जहां होटल में विनोद वर्मा, कैलाश मुरारका से मुलाकात की।यहीं पर सीडी की 500 कापी करा कर बांटने का फैसला किया गया था।

छत्तीसगढ़ की राजनीति में सीडी कांड को अहम माना जाता है. इस मामलें भूपेश बघेल को गिरफ्तार किया गया था तो छत्तीसगढ़ की राजनीति में भूचाल आ गया था और भूपेश व कांग्रेस के पक्ष में यहीं से माहौल बनना शुरू हुआ था।राज्य की जनता को लगा था कि अब कांग्रेस के पास रमन सिंह के विकल्प के रूप में एक नेता है। भूपेश बघेल रमन सिंह और भाजपा सरकार के खिलाफ निरंतर आक्रामक रहे और चुनाव में इसका फल सरकार बदलने के रूप में आया था।सीडी कांड भी सरकार के जाने का एक कारण था इसलिए भाजपा ने भूपेश बघेल को इसके नेता के रूप में पेश किया कि इसी ने सीडी बनवाई है, इसी ने बंटवाई है। सात साल बाद आए कोर्ट के फैसले से साबित हो गया है कि भाजपा जो कह रही है, सीबीआई उसके सबूत कोर्ट में पेश नहीं कर सकी और कोर्ट ने भूपेश बघेल को इस मामले में बरी कर दिया।

यह भाजपा के लिए एक बड़ा झटका था और भूपेश बघेल के लिए यह प्रचार करने का मौका था कि भाजपा ने उसे झूठे मामले में फंसाने का प्रयास किया था,यह बात कोर्ट के फैसले से साबित होती है। ईडी ने भूपेश बघेल के घर में हाल ही मे छापा मारा तो भी भूपेश बघेल ने सीडी कांड में बरी होने की बात तो दोहराया था कि पूरे देश व प्रदेश को पता है कि भाजपा सीधी लड़ाई नहीं लड़ सकती इसलिए ईडी,सीबीआई और आईटी को आगे कर देती है।मुझे कोर्ट ने सीडी कांड में बरी कर दिया इससे भाजपा बौखला गई है। भूपेश बघेल और कांग्रेस शुरू से विक्टिम कार्ड भी खूब खेला है, जनता को जब मौका मिला यह बताने की कोशिश की है भूपेश बघेल को भाजपा जब वह कांग्रेस अध्यक्ष थे, तब से परेशान कर रही है,राज्य व केंद्र की एजेंसियो को तब से उनके पीछे लगाकर रखा गया है। रमन सिंह ने तो उनके पैतृक गांव राजस्व का दल भेजा था,उनकी माताजी और पत्नी को ईओडब्लू में बैठाया गया था।सीडी का झूठा मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा,उनके पुत्र को आधारहीन मामले में पूछताछ करने थाने बुलवाया।

भाजपा जानती है कि कांग्रेस के मजबूत किले के आधार स्तंभ भूपेश बघेल ही हैं। इसे कमजोर करके ही कांग्रेस को यहां से कमजोर किया जा सकता है। इसलिए भूपेश बघेल जैसे ही एक मामले में बच जाते हैं,उनको फिर से उसी या नए मामले में लपेटने का प्रयास किया जाता है और संदेश दिया जाता है कि फिक्र अभी खत्म नहीं हुई है, फिक्र अभी बाकी है।भूपेश बघेल भी यही करते थे,उन्होंने भी रमन सिंह के खिलाफ खूब प्रचार किया क्योंकि वह भी जानते थे कि उस जमाने में भाजपा रमन सिंह के कारण मजबूत मानी जाती थी। भूपेश बघेल ने चुनाव जीतने के बाद रमन सिंह को छत्तीसगढ़ से हटाए जाने के लिए बहुत कुछ किया लेकिन भाजपा ने रमन सिंह को नहीं हटाया और रमन सिंह भी नहीं गए। जैसे वर्तमान में भाजपा चाहती है कि भूपेश बघेल को कांग्रेस यहां से हटा दे,कांग्रेस ने भूपेश बघेल को महासचिव के साथ पंजाब का प्रभारी बनाया है लेकिन भूपेश बघेल यहां बने हुए हैं। भाजपा व कांग्रेस के बड़े नेता के खिलाफप्रचार अभियान दोनों दलों के लिए कोई नई बात नहीं है।यह चलता रहा है और चलता रहेगा।कभी रमन सिंह टारगेट थे तो आज भूपेश बघेल टारगेट है।

# बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में मसाने की होली का रंग

मोहन सिंह

ऐसा नहीं है कि होली, ईद, दशहरा, दीपावली कोई पहली बार एक ही दिन पड़ रहा हैं। पर इस बार माहौल में कुछ ज्यादा ही तनाव है। कहीं मस्जिदें ढंकी जा रही हैं, तो कहीं अस्पतालों में हिन्दू और मुसलमानों के लिए अलग-अलग वार्ड बनाए जाने की बात हो रही है। होली के कई रंग हैं। पर सबरंग मिलाकर जो एक रंग बनता है, वह है अपने -पराये , ऊच- नीच , बड़े -छोटे , पंथ - सम्प्रदाय, भाषा - भूसा,यहां तक कि स्त्री -पुरुष के भेद को मिटकर एकमेव होने की प्रवृत्ति।यह प्रवृत्ति दअरसल देश - काल की परिधि में घटित होने वाली चेतन सत्ता का विस्तार है। इसलिए यह पृथ्वी अनेक धर्मों के मानने वाले, अनेक भाषाओं को बोलने वाले जनों का निवास स्थान बनी हैं.अथर्ववेद के ऋषि ने पृथ्वी- सूक्त में इस तथ्य को पहचाना और बताया कि नानात्व के भीतर छिपी एकता, सहिष्णुता और समवाय के स्वर ही किसी राष्ट्रजीवन का मूलमंत्र है। जीवन का वरदान है।

**जनं बिभ्रति बहुधा विवाचसं**
**नाना धर्माणां पृथ्वी यथौकसम् ।।**

ऋत् और सत् हमारे अस्तित्व काल से विश्व जीवन की नियामक शक्तियां रही हैं। यही आगे चलकर धर्म कहलाया।धर्म की यहीं परिभाषा वैदिक संहिताकार और महाभारतकार वेदव्यास ने भी किया है।धर्म के विषय में उनका अभिव्यक्त विचार तो स्वर्णाक्षरों में अंकित करने लायक है -

**नमो धर्माय महते धर्मो धारयति प्रजाः।**
**यत्स्याद् धारण संयुक्तं स धर्म इत्युदाहृतः।।**

अर्थात् उस धर्म को प्रणाम है, जो सब मनुष्यों को धारण करता है। सबको धारण करने वाला जो नियम है, वहीं धर्म है। धर्म की इस सर्वव्यापी- सर्वस्पर्शी वैदिक परम्परा से अनजान लोग ही आनंदोत्सव और हर्षोल्लास के पर्व होली पर तमाम तरह का वितंडा खड़ा कर रहे हैं, जो न उचित है और न विवेक सम्मत ही।

ऐसा नहीं है कि होली, ईद, दशहरा, दीपावली कोई पहली बार एक ही दिन पड़ रहा हैं। पर इस बार माहौल



में कुछ ज्यादा ही तनाव है। कहीं मस्जिदें ढंकी जा रही हैं, तो कहीं अस्पतालों में हिन्दू और मुसलमानों के लिए अलग-अलग वार्ड बनाए जाने की बात हो रही है।

फिर भी इस राजनीतिक तनाव से बेफिक्र काशी के मसाने की होली का अपना अलग रंग -ढंग और मिजाज है। बरसाने की लड्डूमार होली और लठमार होली से बिल्कुल अलग। पुण्य कमाने और शारीरिक पवित्रता के अलावा तमाम तरह के द्वेष और कलुष को जीवन से मिटाने की होली। इस साल कुम्भ से लौटे नागा साधुओं के लिए यह होली कुछ ज्यादा ही खास है। प्रयागराज में कुम्भ स्नान के बाद ये नागा संन्यासी काशी आते हैं। बाबा विश्वनाथ के दरबार में पाक-साफहोने और चिंता भस्म से अपने को पवित्र करने -

**चढ़े खाक बिल्वा पाप अलख निरंजनअपिया।।**

भगवान शिव के शक्ति स्वरूप बाबा मसाननाथ के भस्म लगाने भर से हर तरह के पाप धूल जाते हैं। इसलिए हर छः साल के बाद कुम्भ स्नान के बाद नागा साधुओं, अघोरियों और किन्नरों के लिए बाबा मसाननाथ की चित्ता की भस्म होली का विशेष महत्व है। इसके बाद नागा साधु कहां चले जाते हैं, कुछ पता नहीं। इस भस्म होली में वैसे तो गृहस्थों और स्त्रियों को भाग लेने की मनाही है।पर भगवान शिव की शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग भाग लेते हैं।

काशी में ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव रंगभरी एकादशी के दिन माता पार्वती की गौना के बाद द्वादशी के दिन महाश्मशान में अपने गणों के बीच होली खेलने पहुंचते है। उनके पहुंचते ही भूत, प्रेत, पिशाच सब निहाल हो गये। परंपरा के अनुसार शक्ति स्वरूप बाबा मसाननाथ और मां मसान काली की पूजा की जाती है।

आरती -पूजन के बाद भोग-प्रसाद, लाल- नीला - गुलाल और चिंता भस्म चढ़ाया जाता है। फिर बाबा मसाननाथ की शोभायात्रा निकाली जाती है। होली का यह उत्सव काशी में पांच दिनों तक भिन्न-भिन्न तरीके से चलता हैं। इसके बाद होली के पहले मंगलवार को 'बुढ़वा मंगल' का कार्यक्रम आयोजित होता है। इसमें काशी के बड़े-बुजुर्गों का सम्मान किया जाता है।

एक जमाने में सबसे ज्यादा काशीवासियों को इंतजार रहता था हाल-हाल तक अस्सी चौराहे पर आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन का। इस अवसर के लिए बड़े जतन, सूझबूझ, और साहित्यिक प्रतिभा का पूर्ण प्रदर्शन करने वाली पत्रिका का प्रकाशन होता रहा है। काशी की परंपरा को जानने वाले इस पत्रिका को सालभर सहेज कर रखते हैं और बड़े चाव से अपने खास मित्रों के बीच इसका सामूहिक पाठ करते हैं।

यह अवसर साल में भले एक दिन आता है, पर एक जगह इकट्ठा होकर काशीवासी साल भर अन्तरमन में बसे भड़ास को एक -दूसरे को गाली देकर निकालते रहे हैं। इस कवि सम्मेलन में जिन कवियों की विशेष तौर पर मांग होती थी, उनमें कुछ प्रमुख नाम हैं- चकाचक बनारसी ऊर्फ रेवती रमण श्रीवास्तव, सूंड़ जी ऊर्फ दान बहादुर सिंह, बेढ़व बनारसी ऊर्फ कृष्ण प्रसाद गौड़, चोंच बनारसी ऊर्फ कामता नाथ पांडेय राजहंस चोंच और बेधड़क बनारसी ऊर्फ काशी नाथ उपाध्याय।

इनमें से किसी एक के कवि सम्मेलन के संचालन अथवा उपस्थिति मात्र से पर्याप्त भीड़ इकट्ठा होने और उस कवि सम्मेलन की सफलता की पक्की गारंटी होती थी। इनमें शायद ही अब कोई इस दुनिया में बचा हों।काशी के बड़े साहित्यकारों, संगीतज्ञों और रसिकों के अलावा इन कवि सम्मेलनों में से आसपास के कई जिलों के कवि बड़े उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं।

इस कवि सम्मेलन की खासियत यह होती थी कि देश -विदेश के बड़े - बड़े नेताओं को ऐसी -ऐसी गालियों से नवाजा जाता हैं कि उसका अर्थ शायद ही किसी शब्दकोश में मिलें।लगभग हर कवि माइक पर बड़े ज़ोर से किसी कविता की एक लाइन पढ़ता है और बाकी काम वहां उपस्थित जनता के हवाले- बड़े - बड़े विद्वान तुम्हारी मां...बाकी हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमुदाय अगली लाइन खूब जोरों दुहराते हैं। होली के मिजाज पर हिन्दू कवियों से कुछ कम कविताई मुसलमान कवियों ने नहीं किया है।ख़ासकर राधा -कृष्ण प्रसंग को लेकर अथवा सूफ़ियाना अंदाज में। यह परंपरा अमीर खुसरो की कविता में अपने अंदाज में प्रकट होती है।

भक्ति में प्रेम की गहराई की अभिव्यक्ति उन्मुक्त भाव से मीराबाई के पदों में दिखायी देती है।

**फागुन के दिन चार होली खेल मना रे।।**
**बिन करताल पखावज बाजै, अणहद झणकार रे।**
**उड़त गुलाल लाल भयो अंबर, बरसत रंग अपार रे।**
**घटके सब पट खोल दिये हैं, लोकराज सब डार रे।**
**मीरा के प्रभु गिरधर नागर चरण कंवल बलिहार रे।।**

कबीर के लिए फागुन का रंग इस संसार की मोह-माया से विरक्त होकर पिया से मिलने की घड़ी है -

**कोई पिया से मिलावे, सोई पिया की मनमानी।**
**खेलत फाग अंग नहीं मोड़े, सतगुरु से लिपटानी।।**
**इक इक सखियां खेल घर पहुंची, इक इक कुल अरुझानी।**
**इक इक नाम बिना बहकानी, हो रही ऐंचातानी।।**

कवि केदारनाथ सिंह के यहां फागुन के दिन उल्लास से भरा मन गीत गाने को चहक उठता है।

**गीतों भरे दिन फागुन के ये गाये जाने को जी करता।**
**ये कोयल के बोल उड़ा करते, इन्हें थामे हिया रहता।**
**अनगाये भी ये इतने मीठे, इन्हें गायें तो क्या गायें।**
**ये आते, ठहरते, चले जाते इन्हें पायें तो क्या पायें।।**

होली के रंग का कुल भाव कटुता, वैर-द्वेष, मानसिक कलुष मिटाने का त्योहार है। यह आपसी सौहार्द और मेल-मिलाप का त्योहार है।यह हर तरह की वैमनस्यता और विषमता को मिटाकर विविधता के बीच एकता कायम करने का त्योहार है। इसकी प्रतिष्ठा शान्ति और सौहार्द से ही कायम रह सकती है। किसी और तरीके से नहीं। इस भावना से ही होली खेलने और मनाने का औचित्य है।

# प्रकृति का राग पतझड़ हमारे लिए एक सीख

महेश परिमल

**पतझड़ एक विचार है- समय का, परिवर्तन का, जीवन का, संघर्ष का। जब पेड़ से पूरे पत्ते नाता तोड़ देते हैं, तब पेड़ कितना कुरूप दिखाई देता है, लेकिन कुछ समय बाद फिर कोंपलें फूटती हैं और पेड़ हरा-भरा हो जाता है।**



इन दिनों हम सब रास्ते में गिरे सूखे पत्तों को देख रहे होंगे। हमारा मस्तिष्क कहता है कि अब मौसम पतझड़ का है। दिन की धूप दिनों-दिन तीखी होती जा रही है। हवाएं तेज चलने लगी हैं, पत्तों की सरसराहट भी कुछ परिवर्तन का आभास देती है। बंद खिड़की के पास सोने से हवा की ध्वनि भी कुछ नएपन का संकेत देने लगी है।

इन सबका आशय यही है कि प्रकृति अपना बाना बदलने लगी है। इन्सानों की भाषा में कहा जा सकता है कि प्रकृति अपना चोला बदलने लगी है, पर प्रकृति के इस परिवर्तन पर यदि थोड़ा-सा ध्यान दिया जाए तो हम समझेंगे कि यह प्रकृति के विश्राम का क्षण है। कुछ नया करने के पहले इन्सान भी कुछ सोचता है। प्रकृति भी इस प्रयास में है, क्योंकि उसके पास अब भी हमें देने के लिए बहुत कुछ है। यह हम पर निर्भर करता है कि प्रकृति से क्या लें और कितना लें?

पतझड़ यानी उन पुराने पत्तों का शाखा से नाता तोड़ना, जो अब पीले होकर कुम्हलाने लगे थे। उनमें जीवन रस नहीं था। पूरे साल उन्होंने पेड़ का साथ दिया। अब वे अपनी भूमिका समाप्त कर चल पड़े हैं धरतीपुत्र बन खाद बनने को। यहां भी उन्होंने उदारता से पल्ला नहीं झाडा, वे धरती पर जाकर भी उसे उर्वरा बनाने में लग जाएंगे। ऐसा महान संकल्प लेकर वे आए और हमें छोटा-सा संदेश देकर चले गए।

पतझड़ एक विचार है- समय का, परिवर्तन का, जीवन का, संघर्ष का। जब पेड़ से पूरे पत्ते नाता तोड़ देते हैं, तब पेड़ कितना कुरूप दिखाई देता है। लोग उसकी ओर देखकर आहें भरते हैं कि कभी यह भी हरा था। इसके पत्तों की सरसराहट कितनी भली लगती थी। इसकी छांव में हमने खूब मौज-मस्ती की है, पर अब इसमें वह बात कहां? पेड़ पर इस तरह के कटाक्ष करने वालों, थोड़ा ठहर जाओ। अभी पेड़ बाहरी विश्राम के क्षणों में है। उसने सीख देने के लिए पत्तों को अपने से दूर किया है। आज पत्तेविहीन हो गया तो आपने जरा भी देर नहीं की। अभी तो आपने इसका बाहरी स्वरूप ही देखा है। कुछ दिन बाद ही इसमें नए पत्तों की कोंपलें फूटेंगी, तब देखना। कोमल, नरम, मुलायम पत्तों की बहार। वे आते रहेंगे पूरी मस्ती के साथ, तुम्हें पता भी नहीं चलेगा कि कब पेड़ पूरी तरह से हरियाली से ढक गया।

हमारे जीवन में भी पतझड़ आ रहा है, गिरते विचारों का और लगातार आ रहा है। हमारे विचार देश, स्वाभिमान, प्रतिष्ठा और परोपकार विहीन हैं। यदि है तो केवल स्वार्थ, धन-लिप्सा, मक्कारी, धूर्तता, बेईमानी, झूठ-फरेब, लूट-खसोट। इन विसंगतियों के साथ हम कुछ भी कर रहे हैं। कुछ भी नहीं छोड़ना चाहते। अब पेड़ तो हैं नहीं, इसलिए इस पतझड़ में मनुष्य के विचार गिरने लगे हैं। इस मौसम के बाद पेड़ों की रंगत तो बदल जाती है, लेकिन इन्सानों की नहीं बदलती। उसे तो पुराने विचारों ने इस तरह जकड़ लिया है कि नए विचारों का प्रवेश ही बंद हो गया है। जब तक पुराने विचारों का खात्मा नहीं होगा, तब तक जीवन में कुछ भी नया नहीं होगा।

# भारत के सामने नई चुनौतियां

**हले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर डब्लूटीओ के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी। मगर अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं। भारत सरकार के सामने नई चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए फिर से भारत का नाम उन देशों के साथ लिया, जिनके बारे में उनकी राय है कि इन देशों ने अपनी ऊंची शुल्क दर से अमेरिका की नरम नीति का फायदा उठाया है।**

इन देशों पर उन्होंने अगले दो अप्रैल से जैसे को तैसा' टैक्स लगाने का एलान किया- यानी जो देश जिस दर से अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क लगाता है, अब उसके उत्पादों पर उतना ही शुल्क अमेरिका में लगेगा। चूंकि ट्रंप किसी वर्तमान अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नहीं मानते, तो वे यह नहीं बताते कि उन देशों को पुराने अमेरिकी प्रशासनों ने क्यों ऊंची दर से शुल्क लगाने दिया था।

हैरतअंगेज है कि भारत सरकार या विपक्ष ने भी अपनी जनता को इस बारे में जागरूक करने का प्रयास नहीं किया है। पहले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी।

मकसद न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था बनाना था। मगर ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में ही डब्लूटीओ में न्यायाधीशों की नियुक्ति रोक कर इस संगठन को निष्क्रिय कर दिया। अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं। इससे भारत में फैली घबराहट का अंदाजा इसी से लगता है कि भारत के दवा निर्यातकों ने सरकार से अमेरिकी दवाओं पर आयात शुल्क कर देने की मांग की है, ताकि जैसे को तैसा' टैरिफ के असर से वे बच जाएं। मगर यह फैसला आसान नहीं है।

नई अमेरिकी टैरिफ से विभिन्न उत्पाद प्रभावित होंगे, तो क्या सब पर आयात शुल्क शून्य किया जा सकता है? क्या केंद्र देश के व्यापार लाभ को शून्य करने का जोखिम उठाने की स्थिति में है? वैसे चुनौतियां और भी हैं। मसलन, अमेरिकी तकनीकी एवं वित्तीय सेवा कंपनियों ने भारत डिजिटल डेटा संरक्षण अधिनियम के नियमों के तहत डेटा को भारत में ही रखने संबंधी प्रावधान को लागू ना करने की मांग की है। क्या भारत सरकार इसे भी मानेगी?

# भारत के आर्थिक विकास में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की भूमिका

लव कुमार मिश्रा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने देश भर में कोयला, बिजली, सीमेंट और स्टील जैसे प्रमुख संसाधनों की आवाजाही को सुगम बनाकर भारत की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2003 में अपनी स्थापना के बाद से, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बिलासपुर में इस क्षेत्र का उद्घाटन किया था, तब से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे माल और यात्री दोनों की आवाजाही को बेहतर बनाने में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरा है। बिलासपुर में मुख्यालय वाला दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों में परिचालन करता है। यह केंद्रीय रूप से स्थित क्षेत्र कोयले के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण है, जो इसके तत्काल भौगोलिक क्षेत्र से परे थर्मल पावर प्लांट और उद्योगों का समर्थन करता है। आवश्यक संसाधनों का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित करके इस रेल्वे ने औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

हाल के वर्षों में, भारत के तेजी से बुनियादी ढांचे के विकास और बिजली, सीमेंट, कोयला और इस्पात क्षेत्रों के विस्तार ने कच्चे माल के परिवहन की मांग



को बढ़ा दिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कोयले और अन्य खनिजों की आवाजाही का सफलतापूर्वक प्रबंधन करते हुए इस मांग को प्रभावी ढंग से पूरा किया है। यह देश की आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने में सहायक रहा है। इस उपलब्धि के बावजूद, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने बुनियादी ढांचे का विस्तार करने और खनिज परिवहन क्षमता, विशेष रूप से कोयला में सुधार करने के लिए नए रास्ते तलाशना जारी रखता है। भारी माल ढुलाई के साथ-साथ यात्री यातायात में लगातार 5 प्रतिशत की वृद्धि को प्रबंधित करने की चुनौती के बावजूद, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए यात्री सेवाएँ भी प्राथमिकता बनी हुई हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए त्यौहारों के मौसम में विशेष ट्रेनें चलाई जाती हैं और मौजूदा ट्रेनों में अक्सर अतिरिक्त कोच जोड़े जाते हैं। निर्बाध यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए समय की पाबंदी में सुधार के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

अपने बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सक्रिय रूप से अमृत भारत स्टेशन योजना को लागू कर रहा है, जिसका उद्देश्य यात्री सुविधाओं और परिचालन दक्षता को बढ़ाने के लिए प्रमुख स्टेशनों का पुनर्विकास करना है। इस पहल के तहत बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग जैसे प्रमुख स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है। बिलासपुर स्टेशन के परिवर्तन पर 392 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है, जिसमें बेहतर प्रवेश बिंदु, स्थानीय कला को एकीकृत करने वाली विरासत से प्रेरित वास्तुकला और सौर पैनल और वर्षा जल संचयन जैसी टिकाऊ सुविधाएँ शामिल हैं। स्टेशन पर 26 लिफ्ट और 26 एस्केलेटर होंगे, जिससे पहुंच में काफी सुधार होगा।

463 करोड़ के बजट के साथ रायपुर स्टेशन का पुनर्विकास, भविष्य की मेट्रो कनेक्टिविटी और बेहतर बस स्टेशन पहुंच के लिए प्रावधानों को एकीकृत करता है। विस्तारित पार्किंग सुविधाएं और दिव्यांगों के अनुकूल सुविधाएं पुनर्निर्मित स्टेशन की मुख्य विशेषताएं हैं।

441 करोड़ की लागत से अपग्रेड किए जाने वाले दुर्ग स्टेशन में हेरिटेज थीम वाली डिजाइन, आधुनिक सुविधाएं और ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन की सुविधा होगी। इसका विस्तारित लेआउट यात्रियों के लिए अधिक सुविधा सुनिश्चित करेगा। इन प्रमुख केंद्रों के अलावा , दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 567 करोड़ के बजट से 46 अतिरिक्त स्टेशनों का आधुनिकीकरण कर रहा है। रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर, भिलाई नगर, राजनांदगांव, गोंदिया और छिंदवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशन इस पहल का हिस्सा हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना यात्रियों के अनुभव को बदलने का वादा करती है, जिसमें आधुनिक प्रतीक्षा क्षेत्र, सीसीटीवी कवरेज के साथ बढ़ी हुई सुरक्षा और बेहतर स्वच्छता सुविधाएं शामिल हैं। स्थायी प्रथाओं को अपनाने और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने के ज़रिए, यह योजना प्रगति और दक्षता के प्रतीक के रूप में भारतीय रेलवे की भूमिका को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है।

**( ये लेखक के विचार हैं )**













प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग



ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क – शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544




## खास खबर

### होली मिलन में भक्तिमय गीतों से निगम का माहौल हुआ मंगलमय, महापौर,सभापति व आयुक्त ने खेली फूलों की होली



**दुर्ग।** नगर निगम में गुरुवार को हुए होलिका दहन और फूलों की होली कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें महापौर श्रीमति अलका बाघमार,सभापति श्याम शर्मा,आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित जन प्रतिनिधि निगम के अधिकारी/कर्मचारी एक साथ दिखे। इस मौके पर महापौर,सभापति,आयुक्त व अन्य सदस्यों ने एक दूसरे को फूल बरसाकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी।होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। आज भेदभाव को भुलकर आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए संकल्प लेने का दिन है। महापौर ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि आज सभी वार्ड पार्षद एक साथ खुशी का त्योहार मना रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान जमकर फूलों की होली खेली गई। महापौर,सभापति,आयुक्त सहित जनप्रतिनिधियों के अलावा सभी निगम के कर्मचारी अधिकारी फूलों से सराबोर दिखे। भजनों में सभी ने जमकर नाचे।इस दौरान सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी और पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। महापौर ने कहा रंग सद्भाव और स्नेह का संदेश देता है।उन्होंने शहर वासियों को होली की शुभकामनाएं दी।सभापति श्याम शर्मा ने शहर वासियों को होली की शुभकामनाएं दी और पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की।निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि होली के रंगों ने नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों में एक ऐसी उमंग और उत्साह का संचार किया है।कार्यक्रम के दौरान होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेलें रघुवीरा जैसे गीतों पर वह जमकर झूमते दिखे।

### पीस ऑडिटोरियम में राधे कृष्ण संग मनाई खुशियों के रंगों की होली

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में खुशियों और रंगों के महापर्व होली को राधे कृष्ण संग खेलकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चंदन की शीतलता से आत्मिक तिलक लगाकर की गई। फूलों और गुलाब जल की पिचकारियों से सभी ब्रह्मा वत्सो को होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। प्रातः राजयोग सत्र के पश्चात परमात्मा को विशेष भोग अर्पण कर भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी ने कहा कि बीती बातों, विकारों और स्वयं की कमी कमजोरी,बुराइयों को जलाकर, परमात्मा के अविनाशी रंगों सहयोग, शांति,आनंद, शीतलता, खुशी,उमंग उत्साह के अविनाशी रंगों से स्वयं और दूसरों के संग मनाए होली। राधे कृष्ण और डिवाइन ग्रुप बच्चों के संग सभा में उपस्थित ब्रह्मा वत्सो ने ब्रज की होली खेलकर माहौल को प्रेम, शांति और सौहार्द से भर दिया।

# विधायक गजेन्द्र यादव संग नगाड़े की थाप पर थिरके शहरवासी, विधायक निवास में होली मिलन सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। विद्युत नगर स्थित विधायक निवास में धूम धाम से होली का पर्व मनाया गया इस दौरान आयोजित होली मिलन में अपने चहेते विधायक को रंग गुलाल लगाने लोग सुबह से पहुंचने लगे थे। रंगों की फुहार एवं नागड़े की थाप के बीच फाग गीत से पूरा माहौल सराबोर हो गया। विधायक गजेन्द्र यादव ने स्वयं नगाड़ा बजाया और माइक थामकर फाग गीत गाये तो समर्थको का उत्साह और बढ़ गया रंगों के बौछार के साथ गुलाल उड़ाते हुये शहरवासी झूम उठे वहीं महिलाओ ने फूलों की पंखुड़ी उड़ाकर विधायक का अभिनंदन की।





रंगोत्सव पर्व पर विधायक निवास में होली मिलन में शहरवासियों की जबरदस्त भीड़ रही, स्थानीय कलाकारों ने फाग गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। विधायक संग होली मनाने पहुंची महिलाओ की टोली ने उन्हें पकवान भेंट की तो युवा वर्ग होली गीत पर बाजे गाजे में उत्साह एवं उमंग से नाचते हुये होली मनाये।

होली मिलन में पहुंचे सभी स्नेहिजनों का आभार व्यक्त करते हुये विधायक ने कहा की आप सभी का स्नेह और आशीर्वाद मुझे सदैव इसी प्रकार मिलता रहे। शहर वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फागुन का ये रंगीन उत्सव आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां लाएं, उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करने वाला पर्व है। यह त्यौहार हमें सिखाता है कि जीवन में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के रंग सबसे अनमोल हैं। विधायक निवास में आयेजित इस होली मिलन पर पूरे विधानसभा क्षेत्र से पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता, नागरिक, विभिन्न सामाजिक संगठन, महिला समूह, व्यापारीगण सहित सभी वर्ग के लोग शामिल हुये।

होली मिलन को लेकर उत्साहित कार्यकर्त्तागण पूरे जोर शोर से तैयारी में 2 दिन से जुटे हुए थे। कार्यकर्त्ताओ की टोली अपनी अपनी टीम बनाकर होली मिलन में शामिल हुए। नंगाड़े की थाप और रंगो की फुहार के साथ होली त्यौहार का आनंद लिए।

# बीएसएफ के जवानों खेली होली, आईजी आनंद प्रताप ने जमाया रंग, नाचते गाते मनाया पारंपरिक पर्व

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। होली का पर्व सभी के लिए उमंग व उत्साह का पर्व होता है। घर से दूर रहकर दुश्मनों से लोहा लेने वाले हमारे बहादूर सीमा सुरक्षा बल के जवान जहां होते हैं वहां होली का रंग जमाते हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने होली का पर्व रिसाली भिलाई स्थित सीमांत मुख्यालय (विशेष–संक्रिया) में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल आनंद प्रताप सिंह ने बीएसएफ के जवानों एवं उनके परिवारजनों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।



महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार ही नहीं, बल्कि भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक भी है। उन्होंने सीमा सुरक्षा बल के सभी अधिकारियों, जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ, सुरक्षित और सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान रंग–गुलाल के साथ पारंपरिक होली गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान उपस्थित रहे। आईजी आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि बीएसएफ एक परिवार की तरह है, और इस तरह के आयोजनों से आपसी सहयोग और आत्मीयता को और अधिक मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी जवानों को अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने और राष्ट्रसेवा में सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और इस पर्व को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया।

# जिला अधिवक्ता संघ के होली मिलन समारोह में खूब थिरके अधिवक्तागण




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला अधिवक्ता संघ के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन गुरुवार शाम 5 बजे से जिला न्यायालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रज्ञा पचौरी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई पश्चात अतिथियो का स्वागत भटा गोभी की माला व टोपी पहनाकर किया गया व विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन किए गए जिसमें अधिवक्ताओं के साथ न्यायधीशों ने भी भागीदारी निभाई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रज्ञा पचौरी ने रंग बरसे भीगे चुनर वाली..गीत गाकर खूब तालिया बटोरी, वही मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज दीक्षित ने होली आई रे..गीत गाकर महफिल में चार चांद लगा दिए।

अधिवक्ताओं में विकास चौधरी, रविशंकर मानिकपुरी, अनामिका सरकार व अन्य अधिवक्ताओ ने शानदार गीत व नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी अधिवक्ताओं को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि श्रीमती प्रज्ञा पचौरी ने कहा होली का यह पर्व सारे मतभेद भुलाकर हमें एकता व भाईचारा का सन्देश देता है। कार्यक्रम को फैमिली कोर्ट की न्यायाधीश गिरजा देवी मेरावी संघ की अध्यक्ष नीता जैन,सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल आदि ने संबोधित करते हुए होली की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, उमा भारती ,सहसचिव राकेश कुमार यादव, बजरंग श्रीवास्तव, पंडितअजय मिश्रा, दमयंती चंद्राकर,वरिष्ठ अधिवक्ता गिरजा शंकर सिंह,सलीमुद्दीन कुरैशी, संतोष वर्मा,नरेन्द्र सोनी,तुलसी साहू,अजीत सिंह राजपूत, पुरुषोत्तम सोनारे,प्रकाश शर्मा , उत्तम चौधरी,मोहम्मद रसीद, नीरज गुप्ता,किशोर यादव, राजेश मिश्रा,गौरी चक्रवर्ती, अशोक शुक्ला, गुलाम नबी,कृष्णराज चंदेल,योगेश अवस्थी,शैलेश राय,मुरारी प्रसाद देवांगन सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं समस्त न्यायधीश उपस्थित थे। उक्त जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी दानिश परवेज ने दी है।

## महापौर के कार्यकाल के प्रथम माह में शासन ने किया 25 करोड़ राशि स्वीकृति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगरोत्थान योजना के अंतर्गत शहर विकास कार्य के लिए महापौर अलका बाघमार के पहले कार्यकाल मात्र एक महीने के भीतर 25 करोड़ की राशि को मिली स्वीकृति।इसके लिए उन्होंने शासन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। शहर के प्रथम नागरिक महापौर अलका बाघमार के प्रयासों से शहर नगरवासियों को मिली बड़ी सौगात।

बता दे कि शहर सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन रोड से शहीद चौक तक फोरलेन निर्माण 800 मी.और राजेन्द्र पार्क चौक से शहीद चौक होते हुए आईएमए चौक तक चौड़ीकरण एवं फोरलेन निर्माण कार्य किया जाना है।निर्माण कार्य से नागरिको को आवागमन में भारी सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य नगर निगम शहर में बुनियादी ढांचे के सुधार के साथ–साथ नागरिक की सुविधाओं को भी बेहतर बनाना है।इसके तहत सड़कें, जल आपूर्ति, सीवरेंज सिस्टम, सफाई व्यवस्था, शहरी पार्क, और अन्य प्रमुख विकास कार्य किए जाएंगे। इस योजना का बेहतर सड़कें,स्वच्छ जल आपूर्ति, और बेहतर आवागमन सुविधाएं लोगों के जीवन को सुविधाजनक बनाएंगी। महापौर ने कहा कि राज्य शाससन से शहर विकास कार्यो के लिए मेरे द्वारा निरंतर राशि लाकर दुर्ग शहर को और भी बेहतर सुंदर एवं स्वच्छ दुर्ग बनाने का प्रयास करुंगी।

नगरोत्थान योजना में प्रस्तावित कार्यों की डी.पी.आर.प्रस्तुत करने विषयक हेतु राज्य शासन के बजट वर्ष 2025–26 में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग हेतु नवीन परियोजना अंतर्गत नगरोत्थान योजना में बजट प्रावधान किया गया है।

# सिंटर प्लांट-3 में राजभाषा कार्यशाला व कवि सम्मेलन आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट–3 (एसपी–3) के सभागार 'प्रेरणा विकास केन्द्र' में 13 मार्च 2025 को मुख्य महाप्रबंधक (सिंटरिंग प्लांट्स), अनूप कुमार दत्ता एवं मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय की उपस्थिति में विभागीय राजभाषा कार्यशाला एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक जगेन्द्र कुमार तथा महाप्रबंधक सजीव वर्गीस भी उपस्थित थे। कवि सम्मेलन में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में कार्यरत 13 कवियों ने अपनी स्वरचित रचनाओं का पाठ किया।




मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता ने अपने उद्बोधन में कहा गुणवत्तापूर्ण सिंटर का उत्पादन कर भिलाई इस्पात संयंत्र की उत्पादकता में वृद्धि करना हमारा प्रमुख उद्देश्य है, जिसके प्रति हम निरंतर समर्पित हैं। साथ ही हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है; इसी के अनुरूप कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है, आगे भी हिंदी के प्रगामी प्रयोग के प्रोत्साहन हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा।

मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय ने कहा कि भाषा ही अभिव्यक्ति का माध्यम है, हम सब हिंदी में ही समस्त कार्यालयीन कामकाज करें। हिंदी भाषा के प्रोत्साहन के लिए कवि सम्मेलन का आयोजन एक अच्छा माध्यम है।

स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए महाप्रबंधक अरुण केशव बेडेकर ने कहा कि, हमारा सारा संवाद हिंदी में ही होता है। उन्होंने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, हिंदी में रचित कविताओं के माध्यम से लोगों की रचनाधर्मिता का विकास तथा हिंदी के अधिकाधिक प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से इस कार्यशाला एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर श्री दत्ता ने भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न उत्पादों पर रची अपनी अनूठी कविता से उपस्थितजनों को भाव–विभोर कर दिया। कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान, सुरक्षा, एवं पर्यावरण पर केन्द्रित प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें प्रथम पुरस्कार चुन्नी लाल, इंजीनियरिंग असिस्टेंट (एसपी–3), द्वितीय पुरस्कार दत्ता चैधरी, इंजीनियरिंग एसोसिएट (एसपी–3), तृतीय पुरस्कार एम एम अनीस, महाप्रबंधक (एसपी–2) तथा प्रोत्साहन पुरस्कार प्रफुल्ल फालके, उप महाप्रबंधक (एसपी–2) एवं ओमवीर करन, इंजीनियरिंग एसोसिएट (सीओसीसीडी) ने प्राप्त किया।

कवि सम्मेलन का संचालन आमंत्रित कवि गजराज दास महंत ने किया। अन्य आमंत्रित कविगण विटेष्वर नाथ (एसपी–3), आनंद तिवारी (वित्त एवं लेखा), रीतम लाल साहू (एसपी–3), ओमवीर करन (सीओसीसीडी), गंगाराम चैबे (एसपी–2), नरेश विश्वकर्मा, सुश्री सरिता देवांगन (एसपी–3), बलराम चंद्राकर (टी एण्ड डी), निशा तिवारी, गोविंद पाल तथा भूषण चिपड़े ने अपनी कविताओं से दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कविगण को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा अधिनियम एवं सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी तथा कार्यक्रम का संचालन किया।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा होलिका दहन स्थलों से राख का वेस्टेज उठाकर की सफाई

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा राजधानी शहर में होलिका दहन स्थलों से राख का वेस्टेज हटाकर सफाई हेतु अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नगर निगम जोन 3 स्वास्थ्य विभाग की टीम और अन्य जोनों की स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा विधानसभा मार्ग सहित अन्य मुख्य मार्गो में विभिन्न चौक ङ्क चौराहों में होलिका दहन स्थलों से राख का वेस्टेज हटाकर सफाई की गयी। सभी होलिका दहन स्थलों से शीघ्र राख का वेस्टेज हटाकर सफाई कार्य अभियान चलाकर किया गया।

### रायपुर नगर निगम ने रवि भवन के सामने 14 ठेले वालों पर 6700 रुपये का वसूला जुर्माना

**रायपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार चलाये जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत नगर पालिक निगम जोन 4 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही और जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र देवांगन के नेतृत्व में जोन 4 क्षेत्र में रवि भवन के सामने 14 ठेलों की स्वच्छता का आकस्मिक निरीक्षण रायपुर नगर पालिक निगम को




प्राप्त गन्दगी फैलाने सम्बंधित जनशिकायतों की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने जोन 4 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया।

इस दौरान प्राप्त जनशिकायतें सही पायी गयीं और ठेलों में डस्टबिन नहीं रखा जाना और गन्दगी फैलाया जाना स्थल पर पाया गया। इस पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सम्बंधित 14 ठेले वालों को भविष्य के लिये कड़ी चेतावनी देते हुए कुल 6700 रुपये जुर्माना किया गया। स्थल पर प्राप्त जनशिकायतों का त्वरित निदान किया गया।

# रायपुर रेल मंडल के 11 स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन की सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर रेल मंडल में अब यात्रियों को बिना कतार में लगे अनारक्षित टिकट प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। डिजिटल टिकटिंग को प्रोत्साहित करने और सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने के लिए रेलवे प्रशासन ने 11 प्रमुख स्टेशनों पर 19 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) स्थापित की हैं। इसके साथ ही, यात्रियों को ञ्जस्ु मोबाइल ऐप के माध्यम से भी डिजिटल टिकट बुकिंग और भुगतान की सुविधा दी जा रही है।

प्रमुख स्टेशनों पर ATVM की उपलब्धता: रायपुर: 06 दुर्ग: 02 भिलाई पावर हाउस: 02 भाटापारा: 02 तिल्दा नेवरा: 01 हथबंद: 01 बिल्हा: 01 दाधापारा: 01 भिलाई: 01 कुम्हारी: 01 दल्लीराझरा: 01 डिजिटल टिकटिंग और




भुगतान के लाभ: यात्री बिना कतार में लगे ATVM या TS ऐप से जनरल (अनारक्षित) टिकट प्राप्त कर सकते हैं। क्यूआर कोड और आर-वालेट के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। आर-वालेट से भुगतान करने पर यात्रियों को 3त्न का अतिरिक्त बोनस मिलता है।

TS ऑन मोबाइल ऐप से यात्री किसी भी स्टेशन का टिकट घर बैठे बुक कर सकते हैं। Also Read - रायपुर से जबलपुर, इंदौर, हैदराबाद और जयपुर के लिए नई रेलगाड़ियों की मांग इस पहल से यात्रियों को नकद लेन-देन की परेशानी और खुले पैसे की समस्या से मुक्ति मिलेगी। डिजिटल भुगतान से टिकटिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और अनियमितताओं से बचाव होगा। यात्रियों का समय बचेगा और टिकट लेने की प्रक्रिया सरल और सुरक्षित होगी। यात्रियों की सहायता के लिए उठाए गए कदम: वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग की टीम यात्रियों को ATVM और TS ऑन मोबाइल ऐप के प्रयोग के लिए प्रेरित कर रही है।

रेलवे ने फेसिलिटेटर की नियुक्ति की है, जो यात्रियों को टिकट निकालने में सहायता करेंगे। साथ ही, टिकट काउंटर पर मौजूद कर्मचारी भी इस संबंध में यात्रियों को जागरूक कर रहे हैं। रायपुर स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों पर हेल्प-डेस्क की व्यवस्था की गई है, जहां टिकट चेकिंग और बुकिंग स्टाफ द्वारा यात्रियों को ATVM और TS ऑन मोबाइल ऐप के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने यात्रियों से अनुरोध किया कि वे ATVM और UTS ऑन मोबाइल ऐप से टिकट बुक करने की सुविधा का लाभ उठाएं और अपनी यात्रा को सुगम बनाएं।

# रायपुर में पुलिस परिवार ने मनाई होली कलेक्टर और अफसरों ने लगाए ठुमके

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी में शांतिपूर्ण होली का त्यौहार संपन्न होने के बाद आज पुलिस परिवार ने धूमधाम से होली का जश्न मनाया। इस दौरान कलेक्टर गौरव कुमार सिंह, ङ्कत्र, स्स्क्क और कमिश्नर 'मुन्नी बदनाम हुईज्' गाने पर ठुमके लगाते नजर आए। पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों ने नगाड़ा बजाया और रंगों में सराबोर होकर होली का आनंद लिया।

होली के दिन जब शहरवासी अपने घरों में होली मना रहे थे, तब पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में जुटे थे। कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने कहा, पिछले 72 घंटों से पुलिसकर्मी लगातार अपनी ड्यूटी पर तैनात थे, जिनकी मुस्तैदी के कारण रायपुर में होली शांतिपूर्ण रही। रायपुरवासियों की




जागरूकता और भाईचारे की वजह से इस बार किसी भी तरह की अव्यवस्था नहीं हुई।

कलेक्टर ने आगे कहा, इनकी जिम्मेदारी निभाने के बाद अब होली मना रहे हैं, और इनका हौसला बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए आज हम सब मिलकर होली का उत्सव मना रहे हैं। यह आयोजन पुलिसकर्मियों के त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान करने का अवसर बना, जिसमें सभी ने मिलकर आनंद उठाया।

### होली के रंग में रंगे सचिन, रायपुर में जमकर उड़ाए रंग

राजधानी में होली के दिन मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर रंग में रंगे नजर आए। उन्होंने रायपुर में इंडिया मास्टर्स की टीम के साथियों के साथ जमकर होली खेली। होटल में सचिन, युवराज और अन्य लीजेंड्स रंगों से सराबोर नजर आए। सचिन स्वयं हाथों में एक बड़ी पिचकारी में रंग भरकर अपने साथियों पर रंग डालकर आनंद लेते दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि, मास्टर्स क्रिकेट टूर्नामेंट रायपुर के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में खेली जा रही है। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में पहुंच चुकी है इंडिया मास्टर्स की टीम।



### निगम जोन 2 में होली मिलन समारोह का आयोजन




संध्या होली पर्व के अवसर पर नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 2 कार्यालय में जोन कमिश्नर डॉक्टर आरके डोंगरे, कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे, जोन अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा होली मिलन कार्यक्रम रखा गया. संक्षिप्त आयोजन में पहुंचकर नगर निगम के नवनिर्वाचित सभापति एवं जोन 2 पदेन अध्यक्ष सूर्यकान्त राठौड़, नवनिर्वाचित पार्षद श्रीमती कृतिका जैन, महेन्द्र खोडियार ने जोन 2 कार्यालय पहुंचकर जोन कमिश्नर डॉक्टर आरके डोंगरे, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन रघुमणि प्रधान, जोन कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे सहित जोन 2 कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व पर हार्दिक शुभकामनायें दीं। होली मिलन के संक्षिप्त आयोजन में नगर निगम जोन 2 कार्यालय में नगर निगम रायपुर के पूर्व पार्षद भावेश पिथालिया, विठ्ठल भाई पटेल सहित सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता आरके चौबे, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता राकेश गुप्ता, विनोद देवांगन, सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता डॉक्टर केपीएस राही की उपस्थिति रही।

# बकाया भुगतान करने कल से आरडीए लगाएगा विशेष शिविर




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण के बकायादारों से वसूली के लिए अब होली के बाद कल से योजना क्षेत्र में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी के निर्देश पर प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुन्दन कुमार ने इस हेतु नोड़ल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी। इसके अंतर्गत योजना के उप अभियंता, योजना के प्रभारी राजस्व लिपिक, कार्य सहायक सहित अन्य कर्मचारियों को संलग्न किया गया है।

इस हेतु निर्धारित की तिथिओं में योजना स्थल पर प्रात: 9 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक आवंटिति अपनी बकाया राशि चेक, ड्रॉफ्ट, बैकर्स चेक, डेबिट या क्रेडिट कार्ड, तथा आन लाईन राशि का भुगतान कर सकेगे। आंवटिति अपनी राशि रायपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में भी आकर जमा कर सकते हैं। प्राधिकरण प्रशासन ने इस संबंध में एक मोबाईल नंबर 72249-80800 भी जारी किया है जिस पर कॉल कर जानकारी ली जा सकती है।

कार्यालय व्दारा जारी आदेश के अनुसार 17 मार्च को डॉ. खूबचंद बघेल ट्रांसपोर्ट नगर - रावांभाठा, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवास योजना हीरापुर में 18 मार्च, बोरियाखुर्द में 19 और 20 मार्च, रायपुरा में 21 मार्च और सरोना में 22 मार्च को शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में उपस्थित लोगों को बकाया राशि का जानकारी देते हुए बकाया राशि चेक, ड्रॉफ्ट, बैकर्स चेक, डेबिट या क्रेडिट कार्ड, तथा आन लाईन से ली जाएगी। प्राधिकरण ने 31 मार्च 2025 तक पुरानी और नई योजनाओं के आवासीय में 50 प्रतिशत और व्यवसायिक योजना में एकमुश्त राशि भुगतान में 30 प्रतिशत तक सरचार्ज राशि में छूट दी गई है। बकायादार एकमुश्त राशि का भुगतान कर इसका सीधा लाभ ले कर अपनी बचत कर सकेगें।

# महाराष्ट्र मंडल ने महिला दिवस के साथ मनाई होली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के सड्डू- मोवा केंद्र में महिला दिवस के साथ धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि आयुर्वेद की डॉ. रश्मि शुक्ला और अध्यक्ष नीलम सिंह सखी फाउंडेशन से आई थी। पूरे आयोजन में शालिनी जोशी कृष्ण की वेशभूषा में सभी के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।

डॉ. रश्मि ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामना देते हुए स्वस्थ जीवन व्यतीत करने के लिए सुबह से रात तक की दिनचर्या, खान- पान और पंचकर्म क्रिया का महत्व बताया। नीलम सिंह ने सखी फाउंडेशन के उद्देश्य बताये। पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के अलावा 'नारी शक्ति क्या कार्य कर रहा है', इसकी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमने संकल्प लिया है कि छोटे- बड़े किसी भी प्रकार के कार्यक्रम में डिस्पोजबल का उपयोग नहीं करेंगे। आप लोगों को भी प्रकृति का संरक्षण करने के लिए इसी तरह का संकल्प लेना चाहिए।

शंकर नगर प्रभारी रेणुका पुराणिक ने महाराष्ट्र मंडल के विभिन्न कार्यों से अतिथियों को अवगत कराया।कार्यक्रम में सड्डू- मोवा केंद्र की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। एक- दूसरे को महिला दिवस की शुभकामनाएं और बधाई देते हुए विशेष अतिथि के साथ फुलों की होली खेली। इस अवसर पर आरती पोतदार, प्राजक्ता एतुलवार, शालिनी जोशी, मनीषा होशंगाबादे, माधुरा भागवत, रंजना देशपांडे, कुंदा देवीकडर, प्राजंलि चारपे, शुभदा राजिमवाले, श्रुती डोंनगांवकर, मंजुषा कलाकार, माधवी मोघे, उर्वशी, स्मिता कराले, माणिक आचार्य, सुरेखा पाटील सहित कई महिलाएं शामिल रहीं।



### परंपरागत रूप से मनाया गया दूधाधारी मठ में होली त्यौहार



रायपुर में स्थित श्री दूधाधारी मठ में होली उत्सव परंपरागत रूप से मनाया गया। होलिका दहन निर्धारित समय पर संपन्न हुआ। दूसरे दिन सुबह से ही रंगोत्सव का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालु भक्तों ने मंदिर पहुंचकर भगवान का दर्शन पूजन करके पुण्य लाभ प्राप्त किया।

महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने अपने संदेश में कहा है कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का त्यौहार है। यह हमारे सनातन परंपरा से चला आ रहा है। भगवान श्री हरि ने हिरण्यकशपयपु के अत्याचार से भक्त प्रहलाद की रक्षा की थी। हिरणकश्यपु की बहन होलिका भक्त प्रहलाद को अपने गोद में लेकर प्रचंड अग्नि में बैठ गई श्री हरि की कृपा से होलिका तो अग्नि में जल कर राख हो गई किंतु भक्त प्रहलाद सकुशल बच गया, तब से सनातन परंपरा में होली का त्यौहार मनाया जाता है। इससे यह शिक्षा मिलती है कि हमें अपने जीवन के कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी हरि के नाम का सहारा लेना चाहिए, उसके नाम का सुमिरन करते ही रहना चाहिए।

# सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि एक दूसरे से कदम मिलाकर चलें: अरूण सार्वा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जिला पंचायत धमतरी के सभाकक्ष में नव निर्वाचित अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा की अध्यक्षता में पंचायत पदाधिकारियों का प्रथम सम्मिलन सम्पन्न हुआ। जिसमें उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सदस्य पूजा राजू सिन्हा, कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़, नीलम चंद्राकर, धनेश्वरी भूमेश साहू, कविता योगेश बाबर, मोनिका ऋषभ देवांगन, मीना डेमू साहू, टीकाराम कंवर, अनीता ध्रुव, अजय फत्तेलाल ध्रुव, गरिमा धनुष ध्रुव, जनपद पंचायत कुरुद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष मगरलोड वीरेन्द्र कुमार साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा प्रथम सम्मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, छत्तीसगढ़ महतारी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात जिला पंचायत परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा में भी माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का स्वागत नकुल प्रसाद वर्मा उपसंचालक पंचायत विभाग, टी.आर.जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी, चंदन टंडन लेखा अधिकारी, प्रदीप ठाकुर उप पंजीयक, जगरानी एक्का जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, चैतन्य सिंह

ध्रुव सहायक परियोजना अधिकारी, चंद्र प्रकाश डांडे उप अंकेक्षक, कीर्ति मोहन सहायक परियोजना अधिकारी, मोनेश साहू सहायक अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना, रविन्द्र वर्मा जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, हितेश सिन्हा प्रोगामर, रतनलाल



लंझियाना सहायक सांख्यिकी अधिकारी, संदीप कुमार साहू स्टेनोग्राफर के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं डायरी पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य तथा उपस्थित अधिकारी कर्मचारी के द्वारा बारी बारी से विभागवार जानकारी दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा ने सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को एक-दूसरे से कदम मिलाकर चलने एवं अपने क्षेत्र के अंतिम छोर तक मूलभूत एवं आवश्यक सुविधाओं को मुहैया कराने हेतु हर संभव प्रयास करने के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों से आग्रह किया गया कि, आगामी जिला पंचायत की आयोजित बैठकों में निरंतर रूप से विभाग प्रमुख अपनी उपस्थिति स्वयं सुनिश्चित करेंगे, ताकि उनके क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण कर विकसित भारत की संकल्पना को साकार करते हुए जिले का विकास किया जा सके। अंत में उपसंचालक पंचायत नकुल प्रसाद वर्मा ने प्रथम सम्मिलन कार्यक्रम की कार्यवाही विवरण से अवगत कराते हुए उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया गया।













# विष्णु मंचू और प्रीति मुकुंदन के बीच दिखी दिल को छू लेने वाली केमिस्ट्री

**बहुप्रतीक्षित फिल्म कन्नप्पा के निर्माताओं ने एक खूबसूरत नया लव सॉन्ग लॉन्च किया है, जिसमें विष्णु मंचू और प्रीति मुकुंदन के बीच दिल को छू लेने वाली केमिस्ट्री दिखाई गई है। हमेशा मधुर रहने वाले शान और प्रतिभाशाली साहिती चगंती द्वारा गाया गया यह गाना स्टीफन देवसी द्वारा रचित है, जिसके बोल गिरीश नाकोद द्वारा लिखे गए हैं।**

यह भावपूर्ण ट्रैक एक गर्मजोशी भरे आलिंगन की तरह लगता है, जिसमें मधुर स्वर, मार्मिक गीत और स्वप्निल दृश्य एक साथ मिलकर प्रेम की एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली तस्वीर पेश करते हैं।


विष्णु मंचू और प्रीति मुकुंदन के बीच ऑन-स्क्रीन बंधन शुद्ध और जादुई लगता है, जो इस भव्य आध्यात्मिक महाकाव्य में गीत को एक अलग ही पल बनाता है। शानदार पृष्ठभूमि पर सेट किया गया यह गाना कन्नप्पा में गहराई से बहने वाली भावनाओं को प्रकट करता है, जिसमें रोमांस, विश्वास और भक्ति को दिखाया गया है, जो सभी शक्तिशाली भावनाओं के साथ बुने गए हैं। लव सॉन्ग अब सभी प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, जो आध्यात्मिक रूप से समृद्ध सिनेमाई यात्रा का एक आदर्श आरंभ है।

कन्नप्पा, एक समर्पित शिव भक्त कन्नप्पा की पौराणिक कथा का एक महाकाव्य है, जो वर्ष की सबसे उत्सुकता से प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। विष्णु मंचू, प्रीति मुकुंदन, मोहनलाल, अक्षय कुमार, प्रभास और काजल अग्रवाल सहित शानदार कलाकारों के साथ, यह फिल्म दुनिया भर के दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ने का वादा करती है। फिल्म के लुभावने दृश्य और शक्तिशाली अभिनय इसे एक बड़ी सफलता बनाने की उम्मीद है। कन्नप्पा 25 अप्रैल, 2025 को दुनिया भर में एक भव्य रिलीज के लिए तैयार है। लव सॉन्ग ने पहले ही काफी चर्चा बटोरी है, प्रशंसक बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। यह गाना आध्यात्मिक रूप से समृद्ध सिनेमाई यात्रा का वादा करने वाले एक आदर्श टीजर है।




# भाग्यश्री की बेटी अवंतिका अपनी मां की मर्जी के खिलाफ बनीं अभिनेत्री

**मैंने प्यार किया से मशहूर हुईं भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दसानी जल्द ही फिल्म मेरी गलियों में नजर आएंगी। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि यह उनकी पहली फिल्म है, जो सिनेमाघरों में आएगी।**



एक ओर जहां अवंतिका को अपनी इस फिल्म से बड़ी उम्मीदें हैं, वहीं हाल ही में उन्होंने बताया कि उनकी मां नहीं चाहती थीं कि वह अभिनय की दुनिया में अपना करियर बनाएं।

## जानें अवंतिका ने क्या कुछ कहा।

अवंतिका ने कहा, मां ने मुझे कहा था कि इस इंडस्ट्री का हिस्सा मत बनो। यही सलाह मुझे उनसे और घर में सभी से मिली। अब भी जब मैं ऑडिशन से वापस आती हूं और पता चलता है कि मुझे रिजेक्ट कर दिया गया है या जब कॉल नहीं आती या फिर देरी होती है तो मेरी मां और मेरा भाई बस मुझे उदासी वाले भाव से देखते हैं। मां कहती हैं, तुम्हें पहले ही कहा था।

अवंतिका कहती हैं, मां ने कहा था कि अभिनय का पेशा अनिश्चित तो है ही साथ ही इसके लिए मोटी चमड़ी का होना भी जरूरी है, क्योंकि यहां कई बार दिल टूटता है। लिहाजा असफलता और आलोचनाओं को झेलन के लिए या अभिनय जगत में बने रहने के लिए खुद को मजबूत बनाए रखना जरूरी है। अवंतिका बोलीं, अगर किसी को मेरे काम से शिकायत है या मेरा अभिनय पसंद नहीं तो बेशक मैं उसमें सुधार करूंगी।

नेपोटिज्म पर बात करते हुए अवंतिका ने कहा, अगर वो कहते हैं कि मैं अच्छा काम नहीं कर रहा हूं या मुझे मिले अवसरों का सम्मान नहीं कर रही हूं तो मैं खुद पर बेशक काम करूंगी, लेकिन अगर वो मेरी फिल्म नहीं देखते या सिर्फ मेरे परिवार की वजह से मुझे बुरा-भला कहते हैं तो यह वाकई दुखद है और अगर ऐसा नहीं है तो मैं अपनी कड़ी मेहनत से दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हूं।

अवंतिका की फिल्म इन गलियों में 14 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। जावेद जाफरी भी इसका हिस्सा हैं। अवंतिका ने हुमा कुरैशी की वेब सीरीज मिथ्या के जरिए अभिनय जगत में अपनी पारी शुरू की थी। हालांकि, एक शातिर, खतरनाक साजिशकर्ता और बड़े बाप की बिगड़ैल बेटी के किरदार में अवंतिका के अभिनय और संवाद अदाएगी में एकरूपता नजर आई। वक्त के साथ उनके अभिनय में निखार और विविधता की उम्मीद की जा सकती है।

# स्टाइलिश आउटफिट पहन एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने शेयर किया अपना ग्लैमरस लुक

## स्टनिंग अदाएं देख दीवाने हुए फैंस

**टीवी की पॉपुलर अभिनेत्री श्वेता तिवारी हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनके लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।**



एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छाने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं श्वेता तिवारी ने ब्राउन कलर का स्टाइलिश गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस और हॉट नजर आ रही हैं।

खुले बालों को कर्ली स्टाइल लुक कर के और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचा रहा है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

श्वेता तिवारी की फोटोज को इंस्टाग्राम पर पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 1 लाख 28 हजार से भी ज्यादा लोगों ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, कछ यूजर्स हॉट, टू मच बोल्ड, सो ग्लैमरस जैसे कॉमेंट्स कर रहे हैं।

# रोजाना कुछ मिनट करें वृक्षासन मिल सकते हैं ये कई फायदे

**वृक्षासन योग का एक अहम आसन है, जो आपके शरीर को संतुलित और मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। यह आसन न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है बल्कि शारीरिक फिटनेस के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे वृक्षासन आपके दिनचर्या का हिस्सा बन सकता है और आपके फिटनेस लक्ष्यों को हासिल करने में मदद कर सकता है।**



## संतुलन बढ़ाने में है सहायक

वृक्षासन का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह आपके शरीर के संतुलन को बेहतर बनाता है। जब आप एक पैर पर खड़े होते हैं और दूसरे पैर को घुटने तक उठाते हैं तो इससे आपकी मांसपेशियों की मजबूती बढ़ती है। नियमित रूप से इस आसन का अभ्यास करने से आपका ध्यान केंद्रित होता है और मानसिक स्थिरता मिलती है। अगर आप अपने शरीर के संतुलन पर काम करना चाहते हैं तो वृक्षासन एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

## मांसपेशियों की मजबूती के लिए अपनाएं वृक्षासन

वृक्षासन आपकी पैरों की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। जब आप इस आसन को करते हैं, तो आपकी जांघों, पिंडलियों और टखनों की मांसपेशियां सक्रिय होती हैं। इससे न केवल आपकी ताकत बढ़ती है बल्कि चोट लगने की संभावना भी कम होती है। अगर आप जिम में वजन उठाने या कार्डियो एक्सरसाइज कर रहे हैं तो वृक्षासन आपके वर्कआउट रूटीन का अहम हिस्सा बन सकता है।

## मानसिक शांति पाने के लिए करें वृक्षासन

जिम जाने वाले कई लोग तनाव और चिंता से ग्रस्त होते हैं। ऐसे में वृक्षासन आपको मानसिक शांति प्रदान कर सकता है। जब आप इस आसन को करते हैं, तो गहरी सांसें लेने से आपका मन शांत होता जाता है और तनाव कम होता जाता है। इसके अलावा यह ध्यान केंद्रित करने की क्षमता भी बढ़ाता है , जिससे आप अपने फिटनेस लक्ष्यों पर बेहतर तरीके से ध्यान दे सकते हैं ।

## शरीर के लचीलापन को बढ़ाने के लिए अपनाएं वृक्षासन

वृक्षासन आपके शरीर के लचीलेपन को भी सुधारता है। जब आप इसे नियमित रूप से करते हैं तो आपकी रीढ़ की हड्डी सीधी रहती है, जिससे पीठ दर्द जैसी समस्याओं से राहत मिल सकती है। इसके अलावा यह कंधों और कूल्हों की गतिशीलता भी बढ़ाता है, जो अन्य एक्सरसाइजों या खेल गतिविधियों में सहायक हो सकता है।

## ऊर्जा स्तर बढ़ाने के लिए करें वृक्षासन


अगर आपको दिनभर थकान महसूस होती है तो सुबह-सुबह कुछ मिनटों तक वृक्षासन करना फायदेमंद हो सकता है। इससे न केवल आपका ऊर्जा स्तर बढ़ेगा बल्कि पूरे दिन ताजगी महसूस होगी। इसके साथ ही यह रक्त संचार सुधारने में मदद करता है, जिससे शरीर अधिक सक्रिय रहता है। इस प्रकार अगर आप अपने फिटनेस लक्ष्यों को हासिल करना चाहते है तो अपने जिम रूटीन में नियमित रूप से वृक्षासन शामिल करें।

# खाकीः द बंगाल चैप्टर की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर होगा प्रीमियर

**नीरज पांडे के निर्देशन में बनी वेब सीरीज खाकी : द बिहार चैप्टर को काफी पसंद किया गया था। इसमें करण टैकर, रवि किशन, अविनाश तिवारी, अभिमन्यु सिंह और आशुतोष राणा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आए थे। यह सीरीज 25 नवंबर, 2022 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।**

खाकी: द बिहार चैप्टर के दूसरे सीजन खाकी: द बंगाल चैप्टर का ऐलान पहले ही हो चुकी है, वहीं अब निर्माताओं ने सीरीज की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। खाकी: द बंगाल चैप्टर का प्रीमियर 20 मार्च, 2025 से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है। उन्होंने लिखा, बॉस और बंबा दा की दहाड़ सुनने के लिए हो जाइए तैयार।

इस सीरीज में निकिता दत्ता, जतिन सरना, श्रद्धा दास और अनूप सोनी जैसे सितारे भी अपने किरदार को दोहराते नजर आएंगे। नीरज पांडे ही दूसरे सीजन का निर्देशन करने वाले हैं।




# अगर अंडे उबालते समय पानी में टूट या फट जाएं तो ये ट्रिक्स आजमाएं

**अंडे खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता हैं। बता दें, अंडे में प्रोटीन 9 प्रकार के आवश्यक अमीनो एसिड, आयरन, विटामिन बी, डी और अन्य पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं। इसलिए, अंडे हर कोई खा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि छोटे बच्चों को भी अंडा खिलाना बहुत अच्छा होता है। इससे उन्हे पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व मिलते हैं।**

ऐसे में स्वास्थ्य विशेषज्ञ का कहना है कि उबले अंडे सबसे स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों में से एक हैं। जब आप उन पर थोड़ा नमक और काली मिर्च छिड़कते हैं, तो उनका स्वाद बहुत अच्छा लगता है। लेकिन कई बार अंडे उबालते समय टूट जाते हैं। इससे बचने के लिए अंडे उबालते समय कुछ सावधानियां बरतनी जरूरी है। ऐसा करने से न सिर्फ अंडे का छिलका निकालना आसान होगा, बल्कि अंडे में मौजूद जरूरी पोषक तत्व भी बरकरार रहेंगे और स्वाद भी बहुत अच्छा रहता है। खबर में जानें अंडे उबालते समय क्या सावधानियां बरतनी जरूरी है।।।

## अंडे उबालते समय इन टिप्स को फॉलो करें

* अंडे उबालते समय आपको उनके लिए एक बड़ा कटोरा इस्तेमाल करना चाहिए। कटोरे में इतना पानी डालें कि अंडे पूरी तरह डूब जाएं। इससे अंडे एक दूसरे को छूने से बचेंगे। इस तरह वे टूटेंगे नहीं।

* जिस कटोरे में आप अंडे उबाल रहे हैं, उसमें पानी में एक चम्मच नमक डाल दें। ऐसा करने से अंडे टूटने से बचेंगे। नमक के पानी में अंडे उबालने से उन्हें छीलना आसान हो जाता है।



* साथ ही, कई लोग अंडे को फ्रिज में रखते हैं। सीधे खाना पकाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। ऐसा कभी न करें। सबसे पहले, उन्हें कमरे के तापमान पर लाएं। इसके बाद उन्हें उबालना चाहिए। अगर आप ठंडे अंडे को सीधे गर्म पानी में उबालेंगे, तो उनके टूटने की संभावना बहुत ज्यादा रहेगी।

* अंडे को कभी भी उबलते पानी के बर्तन में न डालें। अगर आप ऐसा करेंगे, तो अंडा पानी में फट जाएगा। एक कटोरे में 3 या 4 से ज्यादा अंडे न उबालें। इस तरह से भी उनके फटने की संभावना रहती है।

* अंडे उबालते समय कभी भी आंच तेज ना रखें, हमेशा मध्यम आंच पर उबालें। अगर आप ऐसा करेंगे, तो वे नहीं टूटेंगे। करीब 15 मिनट तक अंडे पानी में उबालने के बाद गैस बंद कर दें। अब अंडों को गर्म पानी से निकालकर ठंडे पानी में डाल दें और करीब 10 मिनट बाद उन्हें छील लें। ऐसा करने से अंडा बिना टूटे आसानी से बाहर आ जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, उबले अंडे खाना सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है। रिसर्च के अनुसार, एक उबले अंडे में छह ग्राम हाई क्वालिटी वाला प्रोटीन होता है। यह मांसपेशियों की बढ़ोतरी के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक के साथ-साथ विटामिन ए, विटामिन डी और विटामिन बी 12 भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इनमें एंटीऑक्सीडेंट भी भरपूर मात्रा में होते हैं।

उबले अंडे में कैलोरी कम और प्रोटीन तथा अन्य पोषक तत्व अधिक होते हैं। जो लोग अपना वेट कम करना चाहते हैं उनके लिए यह एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, पहर रोज एक उबला अंडा खाने से वजन कंट्रोल में मदद मिलती है।

# कलेक्टर ने शाला प्रवेश के पहले सभी स्कूलों में आवश्यक मरम्मत के कार्य करने के दिए निर्देश

## स्कूलों को चिन्हांकित कर खेल गतिविधि शुरू करने के दिए निर्देश, कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की ली बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने 16 जून शाला प्रवेश के पहले सभी स्कूलों में आवश्यक मरम्मत के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों में आवश्यकतानुसार रंगरोगन, शौचालय, पेयजल, अतिरिक्त कक्ष जैसे कार्यों को निर्धारित समयावधि के पहले कार्य पूरा करने कहा। उन्होंने सभी बच्चों का जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र शाला प्रवेश के पहले बनाने के निर्देश दिए। जिससे बच्चों को स्कूल में दाखिला के समय किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने स्कूलों को चिन्हांकित कर खेल गतिविधि शुरू करने के निर्देश दिए।




उन्होंने कहा कि जिन बच्चों की जिस खेल में रूचि है उसी खेल में बच्चों को आगे बढ़ाए, जिससे उनका भविष्य में उस खेल से कैरियर भी तैयार हो सके। स्कूलों में शारीरिक गतिविधि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में समय-समय में जानकारी लेते रहे।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बच्चों के लिए समर कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बहुत अच्छा समर कैम्प आयोजित किया गया था, इस वर्ष भी बहुत अच्छा समर कैम्प आयोजित होना चाहिए। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों की विभिन्न गतिविधियां एवं प्रतिभाएं सामने आती है। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों में निहित प्रतिभाओं को तराशने का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों में कुछ न कुछ प्रतिभा होती है। ऐसे बच्चों को विशेष रूप से ध्यान देते हुए उनकी गतिविधियों को और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने से उनका परिणाम बहुत अच्छा आएगा। समर कैम्प में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों जैसे दुर्घटनाओं को रोकने, साइबर फ्रॉड रोकने, गांव को सुन्दर बनाने की दिशा में, पानी की कमी एवं जल सरंक्षण में प्रोजेक्ट बनाने के लिए दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में शारीरिक गतिविधि, संस्कृति व सोशल गतिविधि होनी चाहिए जिससे व्यक्तित्व विकास होता है। बच्चों को पानी की कमी की समस्या व जल संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराएं। बच्चों को सामुदायिक गतिविधियों से भी जोडऩे कहा।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास बघेल ने कहा कि चिन्हांकित स्कूलों में खेल के संबंध में जानकारी, ट्रेनिंग एवं शारीरिक गतिविधि कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल जिससे बच्चों का भविष्य में कैरियर बने ऐसे खेलों का चयन कर बच्चों को सिखाएं। उन्होंने बताया कि कुश्ती, व्हालीबॉल, बॉक्सिंग, जूडो, टेबल-टेनिस, हैण्डबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, कबड्डी जैसे खेलों को स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जो उनके कैरियर बनाने में मददगार होगी। इसके लिए प्रशिक्षण के लिए कार्ययोजना तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक संचालक आदित्य खरे, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, एपीस आदर्श वासनिक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, पीटीआई, शिक्षक उपस्थित थे।

## 7004 मोतियाबिंद मरीजों का हुआ ऑपरेशन, 1087 स्कूली बच्चों को किया गया चश्मा वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव ।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत नेत्र सहायक अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिले को वर्ष 2023-24 में मोतियाबिंद मुक्त जिला घोषित किया गया।

जिले में दोनों आंख में मोतियाबिंद के मरीज नहीं है। सर्वेक्षण उपरांत एक आंख के पके मोतियाबिंद के 3 हजार 995 तथा कच्चे मातियाबिंद के 2 हजार 847 मरीज पाये गये। जिले में फरवरी माह तक लक्ष्य के विरूद्ध प्राप्त उपलब्धि मोतियाबिंद ऑपरेशन 8000 के विरूद्ध 7004 किया जा चुका है। स्कूली बच्चों के चश्मा वितरण 1200 के विरूद्ध 1087 चश्मा वितरण, 40 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों को नजदीकी कार्य करने हेतु वितरित चश्मा 2000 के विरूद्ध 1012 वितरीत, नेत्रदान 20 के विरूद्ध 16 लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने मार्च माह तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 9 मार्च से 14 मार्च 2025 तक ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुट होना थीम पर विश्व ग्लूकोमा दिवस मनाया जाएगा। विश्व ग्लूकोमा दिवस में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ग्लूकोमा बीमारी के बारे में जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि इस बीमारी से ग्रसित व्यक्ति का प्रारंभिक चरण में समय पर उपचार किया जा सके। पहचाने गये रोगियों का सर्वोच्च उपचार हो सके, इसके लिए अधिक से अधिक मरीजों के चिन्हांकन हेतु कैम्प का आयोजन किया जायेगा। 40 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों के आंखों को दबाव व नजदीकी कार्य करने में कठिनाई हेतु चश्मा जांच करने नि:शुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा। विश्व ग्लूकोमा दिवस कार्यक्रम के तहत जिला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर नागरिकों में ग्लूकोमा बीमारी का पता लगाने तथा बीमारी का इलाज कराने के बारे में जानकारी देने के लिए डिस्प्ले बोर्ड एवं बैनर लगाकर जागरूक किया जाएगा। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## सीईओ जिला पंचायत ने शासन के योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत किए जा रहे सर्वे के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने तथा 15 अप्रैल तक सर्वे कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे में किसी भी पात्र हितग्राही का नाम नहीं छूटना चाहिए। सर्वे में सूची नहीं लेने वाले प्रगणकों पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण प्रारंभ नहीं करने वाले हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए प्रेरित करने कहा।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने अन्य पिछड़ा विकास प्राधिकरण, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना का एस्टीमेंट आगामी सोमवार तक प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री वय वंदन योजना अंतर्गत 70 वर्ष एवं 70 वर्ष से अधिक वृद्धजनों का 15 अप्रैल तक शत -प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन के लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में पूर्ण करने कहा।

उन्होंने नवनिर्वाचित सरपंचों का जीएसटी बनाने तथा जेम पोर्टल में रजिस्ट्रेशन के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नवीन सरपंचों का हस्ताक्षर अभिप्रमाणित कराने, नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच व पंच का मोबाईल नम्बर गुगलशीट में अपलोड कराने तथा ग्राम पंचायत में निर्वाचित अल्पसंख्यक वर्ग की जानकारी भी अनिवार्य रूप से प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना 15 अप्रैल तक उपलब्ध कराने कहा। बैठक में विभिन्न योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की गई और समय-सीमा में समस्त कार्य पूर्ण करने निर्देश दिया गया। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के अधिकारी शामिल हुए।

### बजट की तैयारियों में जुटा निगम, महापौर ने जनप्रतिनिधियों, पत्रकार साथी व चैंबर ऑफ कॉमर्स का लिया सुझाव

## बजट-25 शहर में नए सुधार लेकर आया, विकास कार्यो में नए युग की होगी शुरुआत : महापौर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज मोतीलाल सभागार में महापौर श्रीमती अलका बाघमार के अध्यक्षता एवं सभापति श्याम शर्मा सहित जनप्रतिनिधयों,पार्षद देवनारायण चन्द्राकर,शेखर चन्द्राकर,नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर,खालिक रिजवी, गुलशन साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता संजय बघेल, जितेंद्र ताम्रकर,उपायुक्त मोहेंद्र साहु,सहायक अभियंता संजय ठाकुर की उपस्थिति मे शहर विकास व विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा की गई ।इस मौके पर पत्रकारगण, इदिरा मार्केट चैंबर ऑफ कॉमर्स के व्यापारिक के सहित सामाजिक संस्थाओ ने बारी बारी अपना शहर क्षेत्र के लिए कई अहम सुझाव दिया।



सुझाव में शहर नागरिको के अलावा व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा और समस्याओं का समाधान होगा ।बजट 2025 नागरिको के लिए नए सुधार लेकर आया है। यह उनके लिए नए युग की शुरुआत करेगा। सभी ने अपने अपने सुझाव इस प्रकार दिए। इंदिरा मार्केट पार्किंग की व्यवस्था,रोड चौड़ीकरण,जर्जर बिल्डिंग्स का जीर्णोद्धार ।बस संघ बस स्टैंड नवीनीकरण , सुलभ शौचालय टाइमिंग बढ़ाना,बसों की पार्किंग की व्यवस्था होती जगह चिन्हांकित करना ।सीनियर सिटीजन, सुखदेव राज के स्थल को जीर्णोद्धार करना। वरिष्ठ भाजपा नेट्स संजय बघेल ने ट्रेड सेंटर का प्रावधान , इंदिरा नगर पार्किंग के लिए जगह चयन करना , पार्कों को नवीनीकरण एवं रख रखाव की व्यवस्था करना,रिवर फ्रंट का निर्माण , चौपाटी का निर्माण।

महापौर ने कहा कि शहर को व्यवस्थित करना है जैसे कि सब्जी मार्केट, मछली मटन चिकन दुकान अलग-अलग जगहों पर हो। मछली,मटन चिकन दुकान को मार्केट से हटाकर किसी अन्य जगहों पर शिप्त किया जाएगा ।महापौर ने कहा हमको दुर्ग शहर को व्यवस्थित कर लोगो को रोजगार देने है ।नवरात्रि के बाद सड़क किनारे अतिक्रमण कर्ता को हटवाया जाएगा ।बिना लाइसेंस धारी व्यवसाय न करें ।निगम क्षेत्र अंतर्गत विवेकानंद भवन,मानस भवन,कुशाभाऊ ठाकरे सहित सभी का रख रखाव करें ताकि निगम की आवक भवनों से हो सके भवन अच्छा होगा तो आवक अच्छी होगा। उन्होंने कहा शहर क्षेत्र के गार्डनों की भी देखरेख अति आवश्यक है।

चैंबर ऑफ कॉमर्स के व्यपारियो ने कहा मार्केट क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा समान निकलकर सीमा से अधिक अतिक्रमण है उन्हें व्यवस्थित करने की बात कही। मार्केट क्षेत्र में मूत्रालय की अतिआवश्यक है ।मार्केट क्षेत्र व चंडी मंदिर मार्ग में अधिक अतिक्रमण के कारण यातायात में लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।इदिरा मार्केट में पार्किंग व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए।

अरविन्द्र खुराना राहुल ताम्रकार,अशोक राठी,पवन बड़जत्या,जयंत ताम्रकार,हर्ष अग्रवाल,मितेश पटेल,बहादुर अली आदि उपस्थित थे।

## सन्निमार्ण कर्मकार अंतर्गत निर्माण कार्यों पर कुल लागत का 1 प्रतिशत उपकर 20 मार्च से पूर्व करें जमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर ।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम, 1996 एवं भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार उपकर अधिनियम, 1996 एवं 1998 के प्रावधानों के अनुसार किसी भी भवन एवं अन्य सन्निर्माण के कुल लागत (भूमि की लागत को छोड़कर) का 01 प्रतिशत उपकर के रूप में धारा-03 के तहत् निर्माण कार्य से संबंधी शासकीय/अशासकीय/निजी एवं व्यक्तिगत संस्थानों के द्वारा उनके क्षेत्रकारिता के भीतर होने वाले निर्माण संबंधी कार्यों पर उनके निर्माण कार्य के कुल निर्माण लागत का 01 प्रतिशत उपकर कटौती किया जाना अनिवार्य है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 की धारा-3 के अधीन संदेय उपकर के निर्धारण उपरांत निर्दिष्ट समयावधि में उपकर संदेय नहीं किये जाने की स्थिति में भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम 1996 के नियम-8 के अंतर्गत 02 प्रतिशत मासिक तथा वार्षिक 24 प्रतिशत की दर से व्याज संदाय किये जाने का प्रावधान है। इस संबंध में विभाग के विभागाध्यक्ष कार्यालय/जिला कार्यालय तथा विभाग अंतर्गत संचालित-निगम/मंडल/ आयोग/ प्राधिकरण/संस्थान/विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय के द्वारा निर्माण संबंधी कार्य कराया जाता है, उन कार्यालय में निर्माण कार्यों से काटी गयी 01 प्रतिशत उपकर की राशि काटौती किया जाये। साथ ही ऐसे प्राधिकृत विभाग जो किसी निर्माण कार्य करने संबधित निजी/ शासकीय/अशासकीय तथा व्यक्तिगत आवास, व्यवसायिक दुकान/आवासीय कॉलोनी निर्माण संबधित कार्यों पर भवन अनुज्ञा की स्वीकृति जारी की जाती है, उन कार्यालय द्वारा भवन अनुज्ञा स्वीकृति जारी करने के पूर्व उपकर जमा करने के पश्चात् ही अनुज्ञा जारी करने का कष्ट करेगें। राशि एवं नवीन परियोजनाओं में उपकर देय राशि को 20 मार्च 2025 के पूर्व तक अनिवार्यत: श्रम विभागीय वेबसाईट श्रम जयते डॉट सीजी.जीओव्ही डॉट इन के लिंक में जाकर पेमेंट गेटवे के माध्यम से जमा कर सकते है।

## पुलिस एवं आम जनता को मिलेगी आसानी से गुणवत्तापूर्ण ईंधन -आईजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार।** रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश कुमार मिश्र ने गुरुवार को जिला मुखयालय बलोदाबाजार मे इंडियन आयल कॉर्पोरेशन का पुलिस पेट्रोल पम्प का फीता काटकर उद्घाटन किया।

उन्होंने पूजा अर्चना कर पंप का शुभारम्भ किया और अपनी वाहन मे स्वयं पंप से डीजल डाला। उन्होंने 6 माह के अल्प समय मे ही पेट्रोल पंप संचालन की पूरी तैयारी करने पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सराहना की। सिटी कोतवाली के बगल मे स्थित पेट्रोल पंप क़ा संचालन पुलिस द्वारा की जाएगी ।इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल उपस्थित थे।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक श्री मिश्र ने कहा कि इस पेट्रोल पंप के शुरू हो जाने से पुलिस के साथ ही आम जनता को भी वाहन के लिए गुणवत्तापूर्ण ईंधन आसानी से मिलेगी। जिम्मेदारी के साथ पम्प का संचालन पुलिस करेगी और लोगों को बेहतर सेवा उपलब्ध होगी। उन्होंने पेट्रोल पम्प कार्यालय का अवलोकन किया और इंडियन आयल के अधिकारियों से पेट्रोल की गुणवाता आदि की जानकारी ली।

अधिकारियों ने बताया कि इस पेट्रोल पंप मे नार्मल ईंधन के साथ ही एक्स्ट्रा प्रीमियम क्वालिटी का ईंधन भी मिलेगा जिसका मूल्य नार्मल से करीब 7.50 रुपये प्रति लीटर अधिक होगा। यह ईंधन इकोफ्रेंडली होता है।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, हेमसागर सिदार, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





















## खास खबर

### मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया युवक पुलिस ने उतारा नीचे

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में युवक अपनी गर्लफ्रेंड को पाने की जिद में मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। जैसे ही इसकी सूचना फैली आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते वहां पर लोगों की भारी भीड़ लग गई। भीड़ में से ही किसी व्यक्ति ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीओपी और थाना प्रभारी ने युवक को समझाइश दी। घटना मैनपुर थाना क्षेत्र की है।

मैनपुर थाना प्रभारी शिव हुड़ा ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि युवक अपनी प्रेमिका के साथ रहना चाहता है और इसके लिए वह भी कुछ भी करने को तैयार है। युवक का नाम रोहन कश्यप है और वह मोबाइल टॉवर पर चढ़कर बालीवुड फिल्म 'शोले' की तरह वीरू की तर्ज पर अपनी प्रेमिका 'बसंती' जब तक नहीं मिलेगी, वह नीचे नहीं उतरने की जिद पर अड़ा रहा। वह शुक्रवार देर रात मोबाइल टावर पर चढ़ गया। मौक पर अपनी प्रेमिका को बुलाने की बात करता रहा। इस पर पुलिस उसे मनाते हुए नीच उतर जाने की बात कही, लेकन वह अपनी ही जिद पर अड़े रहा। घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह से युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया।

### 64 नक्सलियों ने तेलंगाना में किया सरेंडर, 16 महिला नक्सली शामिल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में आतंक फैलाने वाले 64 नक्सलियों ने शनिवार को सरेंडर कर दिया है। इन नक्सलियों ने तेलंगाना पुलिस के सामने सरेंडर किया है। तेलंगाना के द्राद्री कोतागुडेम जिले में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। कोतागुडेम एसपी कार्यालय में मल्टी जोन एक आईजी की मौजूदगी में 64 माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। इनमें कई कैडर के माओवादी मौजूद हैं। ये नक्सली बस्तर संभाग के सुकमा और बीजापुर जिलों के अलग-अलग बटालियन के सदस्य बताये जा रहे हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों में से 16 महिलाएं भी शामिल हैं। इन नक्सलियों एक साथ मुख्यमार्ग पर लौटने का फैसला लिया है। पिछले तीन महीन में करीब 122 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें डवीसीएम, एसीएम, जन मिलिशिया सदस्य, पार्टी सदस्य, पीपीसीएम की 16 महिलाओं सहित कुल 64 नक्सलियों ने मुख्यधारा से जुड़े हैं। राज्य सरकार ऐसे नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत हर तरह से मदद कर रही है। तेलंगाना पुलिस ने आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को 25-25 हजार रुपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की है। प्रेस वार्ता में रेंज आईजी चंद्रशेखर रेड्डी, एसपी रोहित राज, भद्राचलम एएसपी और अन्य अधिकारी शामिल रहे।

### तालाब किनारे मिला युवक का शव जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में तालाब किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की लाश मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस गांव के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। उक्त मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बनेकेला निवासी फागुलाल राठिया 35 साल की लाश रविवार को भेड़िमुड़ा रोड में तालाब के पास मिली। जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि मृतक फागुलाल राठिया के सिर में चोट के निशान हैं। जिससे आशंका जताई जा रही है। अज्ञात लोगों ने मिलकर फागुलाल राठिया की हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

# दुर्ग के हटरी बाजार की पांच दुकानों में भीषण आग

## सारा सामान जलकर हुआ खाक

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** दुर्ग के गांधी चौक हटरी बाजार में शनिवार आधी रात के बाद लगभग 2 बजे भीषण आग लग गई। आग लगने से पांच दुकानों का सारा सामान जलकर खाक हो गया। जिन दुकानों में आग लगी उनमें से चार दुकानें जूते-चप्पल की हैं और एक दुकान इलेक्ट्रिकल शॉप है। आग लगने की सूचना के बाद आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना का सीसी टीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें आधी रात बदमाश आग लगाता दिख रहा है। फिलहाल पुलिस आग लगाने वाले की पतासाजी में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग शहर के व्यस्ततम हटरी बाजार में आगजनी हुई। जब आग फैलने लगा तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद लोग खुद से आग बुझाने में लग गए। लगभग आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय विधायक गजेन्द्र यादव भी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। आगजनी के पहले का एक सीसी टीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे बदमाश आग लगा रहा है। इस आगजनी से लाखों के नुकसान की बात कही जा रही है।

स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि आधी रात के बाद यहां नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। बताया जा रहा है कि कुछ बदमाश यहां कचरा चला रहे थे इस दौरान पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी ने उन्हें वहां से खदेड़ा था। सीसी टीवी फुटेज में जो दिख रहा है उसके अनुसार एक युवक दुकान के सामने खड़ा है और एक स्कूटी की डिग्गी निकालकर उसमें से पेट्रोल निकाली और स्कूटी में आग लगा दी। स्कूटी के कारण आग फैल गई और दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# खड़ी ट्रक से टकराई बाइक, तीन दोस्तों की मौत, होली के बाद घूमने निकले थे तीनों

श्रीकंचनपथ न्यूज




**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में शनिवार की रात को भीषण सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। तीनों एक ही गांव के थे और होली के बाद घूमने निकले थे। मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक खड़े ट्रक से जा भिड़े। बाइक की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि तीनों की टक्कर के बाद मौत हो गई। तीनों युवक अर्जुंदा से अपने गांव जा रहे थे। मृतकों में एक नाबालिग भी शामिल है। रात में अंधेरा होने के कारण सामने खड़ी ट्रक दिखाई नहीं पड़ी जिससे हादसा हुआ।

हादसे की सूचना के बाद अर्जुंदा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। अर्जुंदा थाना प्रभारी लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल ने बताया कि जब सूचना मिली तो हम मौके पर पहुंचे। पता चला कि तीनों युवक एक ही गांव के रहने वाले हैं। होली के माहौल में घूमने फिरने निकले थे और वापस अपने गांव को लौट रहे थे। सड़क किनारे खड़ी हुई गाड़ी में भिड़ गये। मौके पर ही तीनों युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पीयूष साहू (17), अनिल साहू (18) व विकास ठाकुर (22) के रूप में हुई है।

### गांव में पसरा मातम

हादसे की सूचना के बाद गांव में मातम पसर गया। एक ओर लोग होली पर्व की खुशियां मना रहे हैं और दूसरी ओर यह हादसा हो गया। शनिवार देर रात की घटना होने के बाद तीनों के शवों को स्वास्थ्य केन्द्र में रखवाया गया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कोरबा में हादसा: 3 दोस्तों की मौत

कोरबा जिले में एक सड़क हादसे में तीन दोस्तों की जान चली गई। होली के दूसरे दिन सुबह तीनों एक ही बाइक में सवार होकर किसी काम से निकले थे। इसी दौरान खोडरी के पास तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। पुलिस के मुताबिक, तीनों बचपन के दोस्त थे और एक ही गांव बरबसपुर स्कूल बस्ती के रहने वाले थे। वहीं से वे जटगा की तरफ जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि 2 लोगों मौके पर मौत हो गई। वहीं वहीं एक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना के बाद राहगीरों ने 112 और जटगा चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया। हादसे में बाइक और कार दोनों पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मृतकों की पहचान ननकू उर्फ अखलेश्वर (18), आदित्य धोबी (21) और सूरज कंवर (21) के रूप में हुई है।

# होली में रंग-गुलाल की मस्ती में खूब चले लात घूंसे

## जिले के 17 थानों में दर्ज हुए 42 मामले

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** होली हो और हुडदंग न हो ऐसा अमूमन कम ही होता है। दुर्ग पुलिस ने होली से पहले हुड़दंगियों से निपटने की पूरी तैयारी की इसके बाद लात घूंसे खूब चले। दुर्ग जिले के 17 थानों में कुल 42 ऐसे मामलों में एफआईआर की गई जिसमें मारपीट, गाली गलौच व जान से मारने की धमकी जैसी धाराएं शामिल हैं। इन मामलों में दुर्ग पुलिस अलग अलग थानों में बीएनएस की धारा 115(2), 118(1, 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया। सर्वाधिक मामले सुपेला थाने में दर्ज किए जहां कुल 6 ऐसे मामले दर्ज हुए हैं।

अलग अलग थानों में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार सुपेला थाने में बब्बू अली ने बल्ली उर्फ मिथलेश उर्फ विकास के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। आयुष कुमार चंद्रिकापुरे ने गोलू के खिलाफ सनोबर अंजुम ने राजा उर्फ सूरज साहनी के खिलाफ श्रवण कुमार गुप्ता से सन्नी यादव के खिलाफ शिकायत की। इसी प्रकार शानो परवीन ने आफरीन खान, मो शमशेर खान, नजमा बेगम, रश्मि खान के खिलाफ तथा अफरीन खान से गुलरेज खान, शानू परवीन, अब्दुल लतीफ जुनैद के खिलाफ केस किया है।

खुर्सीपार में लक्की बाग ने प्रिंस के खिलाफ, पुरानी भिलाई थाना विकास कुर्रे ने निरंजन दाउ, चेपटा के खिलाफ तथा भिलाई भट्टी प्रखर जैन ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौच जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। भिलाई नगर थाने में साहिल सोनी ने रामा एवं मोहन के खिलाफ शारदा बनसोडे ने मोनु व उसके साथी के खिलाफ और अजीत निर्मलकर ने पप्पु सोनकर, सुरज सोनकर, नीरज सोनकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

इसी प्रकार छावनी थाना क्षेत्र में दीपक साव ने मनीष यादव, राजू यादव, संतोष उर्फ भूरू के खिलाफ शकील अहमद ने विजय बिहारी, राहुल के खिलाफ ओमप्रकाश टंडन ने मनोज साव व गुडिया बानो ने राधे, करण व अज्जूके खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। दुर्ग कोतवाली में राजकुमार ठाकुर ने प्रखर नगर्जी उर्फ दद्दु, बलराम निर्मलकर ने लल्ला एवं उनके साथी तथा महेन्द्र ठाकुर ने चुम्मन व राहूल के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। जामुल थाना में अंजना बघेल ने किशन जायसवाल, पी ईश्वर ने गोलु गुप्ता, दीपक लोहार और अमित कुमार ने साहिल, ईशू अन्ना व उसके अन्य साथियों खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

मोहन नगर थाना क्षेत्र में गणेश मारकण्डे ने कुणाल चेलक, ऋषभ बांधे, सत्यम के खिलाफ पंकज ईसरानी ने प्रशांत, गोविन्द व उसके अन्य साथियों के खिलाफ, अशोक विभार ने बालू, राधे व परमानंद सुलाखे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। नंदिनी थाना में योगेन्द्र साहु ने राजू यादव, प्रहलाद यादव तथा कुम्हारी में विशाखा सोनकर ने अक्षय, विजय, लक्की नेताम उसके साथी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

नेवई थाना क्षेत्र में नितेश कुमार टंडन ने कौशल राजा साहू, धर्मेन्द्र निषाद ने राजा पावर, दउवा व यश के खिलाफ, कौशल राजा ने नितेश टंडन एवं उसके साथी के खिलाफ तथा फलेन्द्र साहू ने बोडडा यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसी प्रकार पाटन में धनजंय यादव ने डोमन यादव तथा रानीतरई में शंकर मारकण्डे ने शेखर ढीमर, गोपाल ढीमर, यशवंत साहू, हितेश ढीमर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

इसके अलावा पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में योगेन्द्र कुमार साहू ने राघव सप्रे, सागर टण्डन, अजय साहू, सुन्दर सप्रे, भागवत सप्रे, जितेन्द्र सप्रे क खिलाफ तथा नरेश कुमार सप्रे ने योगेन्द्र साहू, अवेन्द्र साहू, रूपलाल साहू, कौशल्या साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शंकर लाल सिन्हा ने परमेश्वर सिन्हा तथा गोविंद कुमार साहू ने विजय देवार खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। वैशाली नगर थाना क्षेत्र में यमुना साहू ने रमेश यादव, उमेश यादव, प्रहलाद यादव तथा दलजीत सिंग ने बलदेव सिंग व कलविंदर कौर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उतई थाने में रेमलाल कुर्रे ने लक्ष्मीनारायण गायकवाड एवं उनके साथी के खिलाफ तन्नु यादव ने चंद्रपाल यादव, खोमलता यादव तथा खोमलता यादव ने मिथलेश यादव, राजेश यादव, तन्नु यादव के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

# देर रात हाउसिंग बोर्ड भिलाई में हादसा: झारखंड के विधायक के दामाद की मौत, वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने ली जानकारी

**भिलाई।** होली की रात सड़क हादसे में झारखंड के विधायक के दामाद की मौत हो गई। रात को जामुल थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड में यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि हादसे की जानकारी मिलने के बाद छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने जानकारी ली और कलेक्टर से चर्चा की। इसके बाद प्रोटाकाल के तहत शव का पीएम कराया गया और पूरी सुरक्षा के साथ बिहार भिजवाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार हादसा मृतक धर्मेंद्र यादव बिहार के औरंगाबाद जिले के चटेवा का रहने वाला था। वो भिलाई में किसी फैक्ट्री में काम करता था। बताया जा रहा है कि होली के दिन धर्मेन्द्र सिंह ने अत्याधिक शराब पी रखी थी। नशे की हालत में तेज रफ्तार में बाइक चलाते हुए फौजी नगर हाउसिंग बोर्ड पहुंचा। एसबीआई बैंक के पास उसकी बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। इससे सिर में चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची जामुल पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया। वहां पुलिस अधिकारियों के बीच देर रात उसका पीएम किया गया और शव को ताबूत में पैक कर बिहार भिजवाया। बताया जा रहा है कि मंत्री ओपी चौधरी ने कलेक्टर से चर्चा कर इस मामले में पूरी सतर्कता बरतने कहा था।

कलेक्टर ने मंत्री ओपी चौधरी के फोन आने के बाद दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला और सीएमएचओ दुर्ग को इसकी सूचना दी। एसपी के निर्देश पर एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर और सीएसपी व जामुल थाना प्रभारी रात 10 बजे सुपेला अस्पताल की मरच्यूरी पहुंचे। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी भी मौके पर पहुंचे और इसके बाद प्रोटोकॉल के बीच रात में मृतक धर्मेंद्र यादव के शव का पीएम किया गया।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

( संपत्तिकर विभाग )

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2025/1146/362 भिलाई, दिनांक 13/03/2025

// स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना //

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकार्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Surya Treasure Island Private Limited Authorized Signatory Shri Ramesh Singh, resident of Flat No 101, Tower 9-C, Surya Vihar Colony, Junwani, Bhilai. | श्रीमती बिंरी प्रिन्स, ध.प. श्री बी. प्रिन्स कुमार, निवासी- ई.डब्लू.एस. एफ-10, वार्ड नं.-46, पद्मनाभपुर, जनता कॉलोनी, जिला- दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं.- 1, सूर्या ट्रेजर आईलैण्ड अपोजिट सूर्या विहार, जुनवानी भिलाई, खसरा नं.- 744/3 एवं 762/2, शॉप नं. FIOF-14 साउथ ब्लॉक पांचवा तल, क्षेत्रफल- 396 वर्गफीट। |
| 2 | बी एण्ड एस रियल्टर्स प्रा.लि. (ओक वुड ग्रीन्स), डायरेक्टर- हरबक्स सिंह बत्रा, पिता श्री गुरूबक्स सिंह बत्रा, निवासी- गोविंद धाम, सिविल लाईन, वार्ड नं.-42, रायपुर, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.), अधिकृत- सुभाष चंद्र, आ. श्री चान्दी राम, निवासी-म.नं. 43, ब्लॉक नं. 02, सुल्तानपुर, हिसार, हरियाणा | 1 सोनू कुमार पटेल, आ. श्री छोटेलाल पटेल, 2. सुनील पटेल, आ. श्री छोटेलाल पटेल, 3. श्रीमती प्रमिला देवी, ध.प.श्री छोटे लाल पटेल, सभी निवासी- म.नं.-238, विकास नगर, कुसमुंडा, कोरबा, तह. व जिला- कोरबा (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, वार्ड क्र. 02, स्मृति नगर वार्ड भिलाई (जुनवानी चौक से चिखली नाला धमधा रोड की ओर अंदर भाग) भिलाई, प्लाट नं.-एल-6, खसरा नं. -2/1, रकबा- 1052 वर्गफीट, रिक्त भूमि। |
| 3 | श्रीमती पंखुरी गुप्ता, ध.प. श्री नितिन गुप्ता, निवासी- म.नं. 55, पुराना नेहरू नगर पूर्व, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) के तरफ से आम मुख्तयार तथा श्री सुरेश केजरीवाल, आ. स्व. श्री बसंत लाल केजरीवाल, निवासी- 32/8, नेहरू नगर वेस्ट भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) से श्रीमती सोनकली गुप्ता, ध.प. श्री उमाशंकर गुप्ता, निवासी- ब्लॉक नं.-17, प्लाट नं.-05, वेस्ट नेहरू नगर, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती शुभांगी गुप्ता पति रवि उप्पल, निवासी- ब्लॉक नं.-17, प्लाट नं.-05, वेस्ट नेहरू नगर, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा /वसीयतनामा | खम्हरिया, वार्ड नं.-01, जुनवानी वार्ड (खम्हरिया बस्ती अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं.-485/2 एवं 486/2, रकबा- 5990 वर्गफीट एवं 1742 वर्गफीट, कुल रकबा - 7732 वर्गफीट, रिक्त भूमि। |
| 4 | श्रीमती शशि गुप्ता, ध.प. श्री विजय गुप्ता, निवासी- म.नं. 55, पुराना नेहरू नगर पूर्व, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) के तरफ से आम मुख्तयार श्री सुरेश केजरीवाल, आ. स्व. श्री बसंत लाल केजरीवाल, निवासी- 32/8, नेहरू नगर वेस्ट भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) से श्रीमती सोनकली गुप्ता, ध.प. श्री उमाशंकर गुप्ता, निवासी- ब्लॉक नं.-17, प्लाट नं.-05, वेस्ट नेहरू नगर, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती शुभांगी गुप्ता पति रवि उप्पल, निवासी- ब्लॉक नं.-17, प्लाट नं.-05, वेस्ट नेहरू नगर, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा /वसीयतनामा | खम्हरिया, वार्ड नं.-01, जुनवानी वार्ड (खम्हरिया बस्ती अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं.-485/6 एवं 486/5, रकबा- 5990 वर्गफीट एवं 1742 वर्गफीट, कुल रकबा - 7732 वर्गफीट, रिक्त भूमि। |
| 5 | श्री नितिन गुप्ता आ. श्री विजय कुमार गुप्ता, निवासी- म.नं. 55, पुराना नेहरू नगर पूर्व, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) के तरफ से आम मुख्तयार श्री सुरेश केजरीवाल, आ. स्व. श्री बसंत लाल केजरीवाल, निवासी- 32/8, नेहरू नगर वेस्ट भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) से श्रीमती सोनकली गुप्ता, ध.प. श्री उमाशंकर गुप्ता, निवासी- ब्लॉक नं.-17, प्लाट नं.-05, वेस्ट नेहरू नगर, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती शुभांगी गुप्ता पति रवि उप्पल, निवासी- ब्लॉक नं.-17, प्लाट नं.-05, वेस्ट नेहरू नगर, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा /वसीयतनामा | खम्हरिया, वार्ड नं.-01, जुनवानी वार्ड (खम्हरिया बस्ती अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं.-485/5 एवं 486/4, रकबा- 5990 वर्गफीट एवं 1742 वर्गफीट, कुल रकबा - 7732 वर्गफीट, रिक्त भूमि। |
| 6 | श्री विजय कुमार गुप्ता, आ. स्व. श्री सेठ बालकृष्ण, निवासी- म.नं. 55, पुराना नेहरू नगर पूर्व, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) के तरफ से आम मुख्तयार श्री सुरेश केजरीवाल, आ. स्व. श्री बसंत लाल केजरीवाल, निवासी- 32/8, नेहरू नगर वेस्ट भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) से श्रीमती सोनकली गुप्ता, ध.प. श्री उमाशंकर गुप्ता, निवासी- ब्लॉक नं.-17, प्लाट नं.-05, वेस्ट नेहरू नगर, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती शुभांगी गुप्ता पति रवि उप्पल, निवासी- ब्लॉक नं.-17, प्लाट नं.-05, वेस्ट नेहरू नगर, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा /वसीयतनामा | खम्हरिया, वार्ड नं.-01, जुनवानी वार्ड (खम्हरिया बस्ती अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं.-485/7 एवं 486/6, रकबा- 5990 वर्गफीट एवं 1742 वर्गफीट, कुल रकबा - 7732 वर्गफीट, रिक्त भूमि। |

उपायुक्त ( संपत्तिकर )

# पेड़ से बंधी गाय चुराकर की हत्या, बदमाशों ने मांस भी पकाकर खाया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में गोहत्या कर उसका मांस पकाकर खाने का मामला सामने आया है। मामले में जशपुर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों ने पहले गांव में ही पेड़ से बंधे दो गायों चुराया और एक की हत्या कर उसका मांस खा गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से गाय का कटा सिर व मांस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2),325,3(5) तथा छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,5,10 के तहत कार्रवाई की है। मामला जशपुर के पत्थलगांव थाना क्षेत्र की है।

दरअसल जशपुर पुलिस द्वारा गोवंश के अवैध परिवहन, हत्या, मांस की बिक्री आदि पर लगाम लगाने ऑपरेशन शंखनाद शुरू किया गया है। एसपी शशिमोहन सिंह के नेतृत्व में ऐसे बदमाशों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। इसी कड़ी में 13 मार्च को मुड़ा पारा घिंचा पानी ने थाना पत्थलगांव निवासी देवेंद्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसने दो साल पहले दो गायों को गांव के ही एक व्यक्ति करम साय चौहान को देख रेख के लिए दिया था। 12 मार्च 25 को करम साय के द्वारा दोनो गायों को एक पेड़ में बांधकर रखा गया था।

दोनों गायों को पाकरगांव निवासी बलासियुश एक्का व तेज कुमार लकड़ा के द्वारा चोरी कर लिया गया। इसके बाद एक गाय की हत्या कर मांस बनाकर खा गए। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम बनाई। इसके बाद पत्थलगांव पुलिस के द्वारा दोनो आरोपी बलासियूस एक्का व तेज कुमार लकड़ा की पता साजी कर हिरासत में ले लिया। आरोपियों के कब्जे से गौवंश का कटा सिर व सीना के भाग को जब्त कर लिया गया।

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपराध करना स्वीकार किया। आरोपियों के विरुद्ध प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर बलासियुस एक्का उर्फ गुड्डू बिहारी व तेज कुमार लकड़ा उर्फ पनडुब्बी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले की विवेचना एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनीत पांडे, प्रधान आरक्षक त्रिनाथ यादव व आरक्षक पदुम वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि घटना के बाद तत्काल पुलिस के द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिले में ऑपरेशन शंखनाद लगातार जारी रहेगा।



भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार
बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस


फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग,
ऑफिस बैग, सफर बैग,
लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी,
रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

राकेश ट्रेडर्स
राकेश ट्रेडर्स जो चर्च के पास था वह
आगे चला गया है पिछले दस वर्षो से
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone,
Nano & Double Charge
Verified Tiles Digital Wall &
Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Swami
Aatmanad School, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़,
अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी
का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

# बगिया में बच्चों संग मुख्यमंत्री ने मनाई रंगों की होली

## सरल, सहज और आत्मीय मुख्यमंत्री से मिलने उमड़ा जनसैलाब

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गांव के बच्चों के साथ होली का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया और उनके संग रंगों की खुशियां साझा कीं। बगिया के मंझापारा गांव में होली के रंगों से सराबोर बच्चों का मुख्यमंत्री के प्रति उत्साह और अपनापन देखते ही बनता था, जब वे अपने गांव के पुरोधा और प्रदेश के मुखिया से मिलने उनके निवास पहुंचे, तो दृश्य किसी पारिवारिक उत्सव जैसा प्रतीत हुआ। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने निज निवास पर बच्चों की टोली का आत्मीय स्वागत किया और खुद भी उनके संग होली के रंगों में रंग गए। उनकी सहजता और सादगी ने बच्चों को बेझिझक उनसे मिलने और घुल-मिलकर बातचीत करने का अवसर दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने न केवल बच्चों से उनका हालचाल जाना, बल्कि उन्हें मिठाई खिलाई और उनके साथ ठहाके लगाते हुए हंसी-ठिठोली भी की।





### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में ग्रामीणों संग हर्षोल्लास से मनाई होली





बच्चों ने बताया कि वे पूरे गांव में होली खेलते हुए मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे हैं, और जब वे वहां पहुंचे, तो मुख्यमंत्री ने भी उनके संग पूरी आत्मीयता से रंग-गुलाल खेला। यह मिलन एक अनोखे उल्लास का प्रतीक बन गया, जिसमें प्रेम, स्नेह और भाईचारे के रंग घुल गए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि होली मेल-जोल, प्रेम और सौहार्द का पर्व है, जो समाज में भाईचारे को और भी मजबूत करता है। इस तरह के उत्सव हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं और हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं। गांव के बच्चों के उत्साह और मुख्यमंत्री की आत्मीयता ने इस होली को और भी यादगार बना दिया। यह अवसर केवल रंगों का नहीं था, बल्कि उसमें अपनत्व, स्नेह और खुशियों के अनगिनत रंग घुले हुए थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने होली के रंगों में सराबोर अपने गृह ग्राम बगिया में ग्रामीणों के साथ आत्मीयता से होली का पर्व मनाया। मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने और होली की शुभकामनाएं देने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया, गुलाल लगाया और पर्व की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द्र और आपसी मेलजोल का उत्सव है। यह पर्व हमें हर भेदभाव भूलाकर एकता और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं पर भी चर्चा की। होली के इस उल्लासमय अवसर पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के साथ खुशियों के रंग बांटे, पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया और इस पर्व को सामाजिक सौहार्द्र और उल्लास के साथ मनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नितेश कच्छप और उनकी टीम ने होली के पारंपरिक लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे पूरा माहौल रंगीन और संगीतमय हो गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री रोहित व्यास, एसएसपी शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, पत्रकार बंधु और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री साय जशपुर जिले के टाटीडांड में सनातन समाज के अनुष्ठान में हुए शामिल, प्रदेशवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

# मुख्यमंत्री ने भगवान राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** होली के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय के साथ जशपुर जिले के कांसाबेल विकासखंड स्थित ग्राम टाटीडांड पहुँचे, जहाँ उन्होंने सनातन समाज के दुर्गा देवी संत समाज द्वारा आयोजित वार्षिक अनुष्ठान में भाग लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भगवान राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में गुरु महाराज स्व. श्री धनपति पंडा के पुत्र श्री सहदेव पंडा की विशेष उपस्थिति रही। यह अनुष्ठान हर वर्ष फाल्गुन माह में होली के पावन पर्व पर आयोजित किया जाता है, जिसमें मुख्यमंत्री श्री साय अनेक वर्षों से शामिल होते रहे हैं।



मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारे का पर्व है। उन्होंने कहा कि टाटीडांड में सनातन समाज द्वारा आयोजित यह अनुष्ठान परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोए रखने का माध्यम है, जिससे समाज में समरसता बनी रहती है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर राज्य सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसानों से देश में सर्वाधिक मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है, जिससे कृषि समृद्ध हो रही है। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को हर माह ?1000 की सहायता राशि दी जा रही है, जिससे महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है।

**महाशिवपुराण कथा के लिए आमंत्रण:** मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 21 मार्च से 27 मार्च तक कुनकुरी विकासखंड में देश के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग स्थल मधेश्वर पहाड़ के समीप महाशिवपुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित श्री प्रदीप मिश्रा जी कथा का वाचन करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों से इस दिव्य आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री श्री साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने भी होली की शुभकामनाएं देते हुए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं और लोगों में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस अवसर पर सनातन समाज के श्रद्धालु और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भावना समाज सेवी संस्थान ने बच्चों संग मनाई होली



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** होली के पावन अवसर पर भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्यों ने ग्राम सेमरहा के बच्चों के बीच खुशियाँ बाँटी। संस्थान की ओर से बच्चों को रंग, गुलाल, मिठाइयाँ और पिचकारियाँ उपहार स्वरूप भेंट की गईं।

इस आयोजन के दौरान बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखते ही बन रही थी। संस्थान के एक सदस्य ने कहा, हमारा छोटा सा प्रयास बच्चों के लिए खुशियों का कारण बनता है, यह देखकर हमें अपार संतोष मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि वे बच्चों की हर जरूरत, सुख-दुख और त्योहारों में उनके साथ खड़े रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संस्थान की ओर से सभी बच्चों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं स्नेह दिया गया।

# मुख्यमंत्री साय को शिक्षक ने भेंट किया विज्ञान जागरूकता अभियान का एल्बम

### जशपुर जिले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर विद्यार्थियों के लिए संचालित किया जा रहा है विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। होली के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निज निवास बगिया में शिक्षक विवेक पाठक ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को जशपुर जिले के विद्यालयों में संचालित विज्ञान जागरूकता कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी और संबंधित समाचारों एवं चित्रों का एक विशेष एल्बम भेंट किया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब जशपुर जिले के युवा छात्र आकाश को छूने की तैयारी कर रहे हैं, जो जिले के उज्जवल भविष्य का संकेत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इसरो अध्यक्ष के साथ हुई अपनी उत्साहजनक मुलाकात का भी उल्लेख किया और अंतरिक्ष विज्ञान की दिशा में जिले के छात्रों को और अधिक प्रोत्साहित करने की बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विज्ञान और अंतरिक्ष क्षेत्र में नई संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। यह पहल विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि विज्ञान जागरूकता कार्यक्रमों की सफलता ने जशपुर जिले के उज्जवल भविष्य की नई संभावनाओं को और अधिक सशक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा अंतरिक्ष विज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की जा रही हैं। इन अभियानों के तहत अंतरिक्ष अन्वेषण अभियान, अंतरिक्ष अन्वेषण रथ, विद्यार्थियों के नाम विभिन्न ग्रहों एवं उपग्रहों पर चिप के माध्यम से भेजे जाने जैसी अनूठी गतिविधियाँ शामिल हैं, जो छात्रों में वैज्ञानिक सोच और अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा दे रही हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950